रोहतक
मंगलवार 21 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 167
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 37.9°C
न्यून. 24.0°C

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 लगातार दूसरी बार एमबाप्पे के नाम गोल्डन बूट, रौड्री सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : जुलाई
दिनांक : 21 जुलाई 2026

# प्रदेश के 9 जिलों में झमाझम, 22 तक मूसलाधार बरसात का अलर्ट



हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

हरियाणा में एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से सोमवार को लोगों को राहत मिली। अंबाला, पंचकूला, फरीदाबाद, यमुनानगर, फतेहाबाद, करनाल और सोनीपत में तेज बारिश हुई। देर शाम रोहतक में भी अच्छी बारिश हुई। पानीपत में दोपहर को काली घटा छा गई। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के भीतर पूरे प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय हो जाएगा। मौसम विज्ञान विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने 20 से 22 जुलाई के बीच प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। 24 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

## दोपहर बाद अचानक बदला मौसम, काली घटा छाईं

### पंजाब के ऊपर बना साइक्लोन

हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पंजाब के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने और मानसून की रेखा के नीचे खिसकने से 21 से 24 जुलाई के बीच प्रदेश में मौसम आमतौर पर बदलता रहेगा और आसमान में बीच-बीच में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान राज्य के ज्यादातर जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। बारिश और हवाओं की दिशा बदलने से दिन का तापमान कम होगा, जबकि रात का तापमान और हवा में नमी बढ़ने की संभावना है।

### तापमान में आएगी गिरावट

बारिश होने से तापमान में गिरावट आएगी। प्रदेश में सोमवार को सिरसा में सबसे अधिक 37.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। जोकि सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। एक दिन में इसमें 4.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, 24 डिग्री के साथ भिवानी में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

### बारिश फसलों के लिए फायदेमंद

मानसून की इस सक्रियता से किसानों को भी राहत मिलने की उम्मीद है, विशेषकर खरीफ फसलों के लिए यह बारिश लाभदायक साबित हो सकती है। प्रदेश के कई जिलों में बारिश की कमी के कारण बाजरा व अन्य खरीफ की फसलें खराब होने वाली थी। इस बारिश से इन फसलों को जान मिलेगी।

### हिमाचल में 4 जगह बादल फटा

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा और लाहौल स्पीति में आज (सोमवार को) दोपहर बाद चार जगह बादल फटने से अफरा-तफरी मच गई। चंबा के उदीन और थांदल क्षेत्रों में बादल फटने के बाद नालों में अचानक बाढ़ आ गई। उदीन नाले अचानक वाटर लेवल बढ़ने से 11 श्रमिक फंस गए। जिन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। चंबा के ही होली क्षेत्र में फ्लैश फ्लड के बाद कलाह नाले के किनारे काम कर रहे तीन मजदूर फंस गए। स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत और नाले का वाटर लेवल कम होने के बाद तीनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं लाहौल-स्पीति में खांगसर और शूगू गांव के पास बादल फटने से नाले में अचानक बाढ़ आ गई। इससे स्थानीय लोगों की फसलों, कृषि भूमि और रास्तों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन ने टूरिस्टों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी है। (पैकेज पेज-5 पर)

## खबर संक्षेप

### एंडी बर्नहैम बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री



लंदन। ब्रिटेन में सोमवार को एंडी बर्नहैम ने नए प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वह पिछले 10 साल में ब्रिटेन के सातवें प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महंगाई और खराब सार्वजनिक सेवाओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देगी। एजेंसी

### पासपोर्ट-वीजा टेंडर पर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट से झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसने अबू धाबी, कुवैत, सिंगापुर और कैनबरा स्थित भारतीय मिशनों में कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीजा सेवाओं की आउटसोर्सिंग के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया रद्द कर दी थी। हालांकि कोर्ट ने अंतरिम व्यवस्था की अनुमति दी।

### युद्ध के चलते क्रूड के दाम 90 डॉलर के पार

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिका-ईरान के बीच तनाव के चलते क्रूड के दाम 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे एक बार फिर देश में तेल के दाम बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। तेल कंपनियों को अभी प्रति लीटर 20.4 रुपये का घाटा हो रहा है। एक सप्ताह में 16 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो अप्रैल के बाद से सबसे बड़ी बढ़त है। भारत में एनर्जी शॉक का खतरा फिर बढ़ेगा। एजेंसी

# सड़क से संसद तक हंगामा

## पुलिस ने सीजेपी समर्थकों को जंतर-मंतर से हटाया | प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा | संसद मार्च में भी लाठीचार्ज किया और आंसू गैस छोड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोमवार को सड़क से लेकर संसद तक हंगामा हुआ। पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलनकारियों को जंतर-मंतर से हटा दिया है। मंच खाली करा लिया है और टेंट भी निकाल दिए हैं। प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर के बाद कनॉट प्लेस से भी खदेड़ दिया गया है। इस दौरान पुलिस ने जबरदस्त लाठीचार्ज भी किया। उधर, सीजेपी का दावा है कि अभिजीत दीपके को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि, पुलिस ने इससे इनकार किया है। सोमवार सुबह 8 बजे से शुरू हुए प्रदर्शन में पुलिस के लाठीचार्ज और झड़प में कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए। मामला तब बढ़ गया, जब आंदोलनकारी सुबह 10 बजे बैरिकेड तोड़कर पार्लियामेंट की तरफ बढ़े। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद प्रदर्शनकारी संसद के करीब पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने संसद में घुसने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस के एक्शन के बाद इसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई।

### नड्डा से मिले सीजेपी के प्रतिनिधि, रखी शर्तें

*इस पूरे घटनाक्रम के बीच सीजेपी के प्रतिनिधि जेपी नड्डा से मिले। इनका दावा है कि नड्डा ने उन्हें यह भरोसा दिलाया है कि जंतर-मंतर और उसके आस-पास अब कोई कार्रवाई नहीं होगी। इस दौरान सीजेपी ने तीन शर्तें रखी। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा सुसाइड करने वाले बच्चों को मुआवजा और सोनम वांगचुक का अनशन तुड़वाया जाए और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय हो।*





### प्रदर्शनकारी देर रात फिर पहुंचे जंतर-मंतर

सीजेपी ने रात 10:30 बजे फिर जंतर- मंतर पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मोर्चा स्थल पर दोबारा मंच तैयार किया। सीजेपी ने एक्स पर पोस्ट कर कार्यकर्ताओं को दोबारा इकट्ठा होने के लिए कहा था। प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण तरीके से साथ देने की अपील की थी।

### वांगचुक ने कहा, बर्बरता देखने के बाद अनशन जारी रखूंगा

सफदरजंग हॉस्पिटल से सोनम वांगचुक ने हाथ से लिखा संदेश भेजा है। इसे उनके एक्स हैंडल पर शेयर किया गया है। पोस्ट में लिखा है- मैं तब तक अनशन जारी रखूंगा, जब तक युवा नेताओं को संसद भवन में सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं मिल जाती, या फिर मुझे यहां अस्पताल में ही सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती। मुझे उम्मीद है कि सरकार शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय करेगी, उससे पहले नहीं। युवाओं ने उकसावे के बावजूद जिस तरह शांति बनाए रखी, उससे मैं बहुत प्रभावित और भावुक हूं।

### संसद में खरगे बोले
### सरकार बच्चों की आवाज दबा रही

नई दिल्ली। मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही नहीं चल पाई। लोकसभा और राज्यसभा को छह बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसद नीट पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कुछ सांसद पोस्टर-बैनर लेकर सदन के अंदर आए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की। खड़गे ने कहा- जंतर-मंतर पर बच्चे इकट्ठा हुए, उनकी आवाज को दबाया जा रहा। सरकार ने उन पर लाठीचार्ज किया। उधर हंगामे के बीच लोकसभा में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। दिन में सबसे पहले मोदी ने संसद के हंस द्वार पर मीडिया को 15 मिनट संबोधित किया। पीएम ने कहा- मानसून हो या मानसून सत्र, अगर दोनों प्रो-एक्टिव हों तो बहुत ही प्रोडक्टिव होते हैं। संसद में तर्क के साथ चर्चा हो।

(संबंधित खबर पेज-5 पर)

## रामंदिर चढ़ावा चोरी, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# दोबारा एसआईटी बनाकर निष्पक्ष व स्वतंत्र जांच हो

नई दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा एसआईटी बनाने का आदेश दिया है। सोमवार दोपहर 3:30 बजे सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा- नए सिरे से एसआईटी बनाई जाए। सीनियर आईपीएस अधिकारी टीम की अगुआई करें, ताकि जांच किसी निर्णायक स्तर तक पहुंचे। सीजेआई ने कहा- 'हम केवल सावधान करना चाहते हैं। इस मामले में राजनीति न करें। पहली नजर में यह दंड कानून के तहत अपराध का मामला लगता है। इसकी निष्पक्ष, स्वतंत्र और पूरी ईमानदारी से जांच होनी चाहिए। जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाना चाहिए। बस हमारी यही बात है। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को यूपी सरकार से एसआईटी के लिए नाम लेकर आने को कहा। अदालत अब 27 जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट देवदत्त कामत और अन्य शामिल थे।



**राजनीति मत कीजिए, पहली नजर में यह दंड कानून के तहत अपराध सीनियर आईपीएस अफसर लीड करें**

### मुख्यमंत्री योगी ने दी मंजूरी

सीएम योगी ने रात करीब 8 बजे नई एसआईटी बनाने की मंजूरी दे दी है। लखनऊ के कमिश्नर विजय विश्वास पंत एसआईटी से हटाए जाएंगे। पुलिस अधिकारी की अध्यक्षता में एसआईटी बनेगी। ये अफसर कौन होगा, एसआईटी में कौन-कौन नए मेंबर होंगे, पुरानी एसआईटी की रिपोर्ट का क्या होगा, इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है।

### गैस के रिसाव की आशंका

## सिक्किम में सुरंग में फंसे 27 मजदूर, भूस्खलन से एंट्री बंद

गंगटोक (एजेंसी)। सिक्किम के नामची जिले में सोमवार दोपहर एक निर्माणाधीन सड़क सुरंग के बाहर भूस्खलन होने से उसका प्रवेश द्वार बंद हो गया। इसके बाद सुरंग के अंदर काम कर रहे कम से कम 27 मजदूर फंस गए। पुलिस के मुताबिक, सुरंग के भीतर गैस रिसाव की भी आशंका है, जिससे बचाव अभियान मुश्किल हो गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना समरदुंग सुरंग में हुई। आशंका है कि भूस्खलन के कारण भूमिगत चट्टानों और भूस्तरों में हलचल हुई, जिससे प्राकृतिक गैस बाहर निकलने लगी। मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें संयुक्त रूप से राहत और बचाव अभियान चला रही हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुरंग के भीतर गैस होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कत आ रही है।

**बेहोश हो रहे रेस्क्यूकर्मी बचाव अभियान जारी**

### 1984 के सिख दंगों की जांच की थी

## ऑफिस में मृत मिले त्रिपुरा के डीजीपी, आत्महत्या की आशंका



अगरतला (एजेंसी)। यूपी के रहने वाले त्रिपुरा के डीजीपी अनुराग धनखड़ का शव मिला है। सोमवार सुबह वह पुलिस मुख्यालय में अचेत मिले। अधिकारियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, अनुराग धनखड़ ने सुसाइड किया है। उनका शव फिलहाल अगरतला के गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल में रखा गया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर जांच कर रही हैं। अनुराग धनखड़ 1994 बैच के आईपीएस अफसर थे और बागपत के रहने वाले थे। इन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों की जांच की थी। अनुराग धनखड़ बागपत शहर से करीब 7 किलोमीटर दूर बिहारीपुर गांव के रहने वाले थे। वह करीब 25 साल पहले आखिरी बार गांव आए थे। गांव में उनका पैतृक मकान है, लेकिन गेट पर ताला लगा है।

### सरकार ने मानदंडों में किया संशोधन

## पूर्व अग्निवीरों के 20 प्रतिशत आरक्षण का श्रेणीवार विभाजन

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। सरकार ने सरकारी सेवाओं में सीधी भर्ती के दौरान पूर्व अग्नि वीरों को दिए जा रहे मौजूदा 20 प्रतिशत आरक्षण का श्रेणीवार वितरण निर्धारित करते हुए अपनी आरक्षण नीति में संशोधन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ये निर्देश पूर्व अग्निवीरों को सीधी भर्ती में आरक्षण प्रदान करने संबंधी सरकार के 20 अगस्त, 2025 के पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जारी किए हैं। संशोधित श्रेणीवार विभाजन के अनुसार, 2 प्रतिशत आरक्षण वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी), 2 प्रतिशत अन्य अनुसूचित जाति (ओएससी), 3 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग-ए (बीसी-ए), 2 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग-बी (बीसी-बी), 2 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) तथा शेष 9 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग के लिए निर्धारित किया गया है।

**अनारक्षित वर्ग को 9 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा**

## मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही होगा उत्पादन

# भारत में पहली बार डेंगू की वैक्सीन क्यूडेंगा को मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में पहली बार डेंगू की वैक्सीन को मंजूरी मिल गई है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने ताकेदा बायोफार्मास्यूटिकल्स इंडिया की वैक्सीन क्यूडेंगा को बाजार में इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। कंपनी के मुताबिक, यह वैक्सीन चार से 60 साल तक के लोगों को लगाई जा सकेगी। इसे लगवाने से पहले यह जांच कराने की जरूरत नहीं होगी कि व्यक्ति पहले कभी डेंगू से संक्रमित हुआ था या नहीं। भारत में मिली मंजूरी ताकेदा के वैश्विक क्लीनिकल डेवलपमेंट प्रोग्राम के आधार पर दी गई है। इसके तहत फेज-I, फेज-II और फेज-III के कुल 19 क्लीनिकल ट्रायल किए गए, जिनमें 28 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। क्यूडेंगा की दो डोज दी जाती हैं। प्रत्येक डोज 0.5 मिलीलीटर की होती है और त्वचा के नीचे इंजेक्शन के जरिए लगाई जाती है। दोनों डोज के बीच तीन महीने का अंतर रखा जाता है।

*0.5 एमएल की दो डोज तीन माह के अंतर में लगेंगी*
*4 से 60 तक के लोगों को लगाई जा सकेगी वैक्सीन*




### जापानी कंपनी 'टाकेडा' की खोज

क्यूडेंगा (टेक-003) असल में जापानी कंपनी 'टाकेडा' की खोज है, लेकिन हमारे लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि 'मेक इन इंडिया' के तहत इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन देश में ही होगा। इसके लिए टाकेडा ने हैदराबाद की जानी-मानी फार्मा कंपनी 'बायोलॉजिकल ई' के साथ करार किया है। भारत में ही बनने की वजह से इसकी सप्लाई तेज और बिना किसी रुकावट के होगी। अभी इसकी पक्की कीमत का ऐलान होना बाकी है, लेकिन क्योंकि यह हमारे अपने देश में ही बनेगी, इसलिए उम्मीद जताई जा रही है कि यह आम लोगों की जेब पर ज्यादा भारी नहीं पड़ेगी। बाजार में लॉन्च होने के बाद, एहतियात के तौर पर शुरुआती 6 महीनों तक लोगों पर इसके असर की पूरी निगरानी भी की जाएगी।

### भारत सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में

टाकेडा के मुताबिक, भारत दुनिया में डेंगू से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में शामिल है। देश के कई हिस्सों में डेंगू वायरस के चारों सीरोटाइप एक साथ फैल रहे हैं। कंपनी के मेडिकल अफेयर्स प्रमुख गोह चू बेंग ने कहा कि क्यूडेंगा को चारों सीरोटाइप से सुरक्षा देने के लिए तैयार किया गया है। यह मंजूरी भारत में डेंगू रोकथाम की रणनीति को मजबूत करेगी। इसके साथ मच्छर नियंत्रण, निगरानी, जनजागरूकता और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय भी जरूरी रहेंगे।



## मुख्यमंत्री ने नकोदर स्थित दरबार बापू लाल बादशाह में श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# पंजाब और हरियाणा एक परिवार के दो भाई संस्कृति और सामाजिक रिश्ते समान : नायब

बापू लाल बादशाह का जीवन प्रेम, भाईचारे मानवता और सामाजिक एकता का प्रतीक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़





मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब और हरियाणा प्रशासनिक रूप से अलग-अलग राज्य अवश्य हैं, लेकिन दोनों की सांस्कृतिक विरासत, गुरु परंपरा और सामाजिक रिश्ते समान हैं। दोनों प्रदेश एक ही परिवार के दो भाइयों की तरह हैं और सदैव प्रेम, भाईचारे तथा आपसी सद्भाव की भावना के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है, उसी प्रकार पंजाब भी प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान और अधिक मजबूत करे, यही उनकी कामना है। मुख्यमंत्री सोमवार को पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर स्थित दरबार बापू लाल बादशाह के 43वें तीन दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने



बापू लाल बादशाह के चरणों में दोनों राज्यों की खुशहाली, समृद्धि और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बापू लाल बादशाह का जीवन प्रेम, भाईचारे, मानवता और सामाजिक एकता का संदेश देता है तथा उनकी शिक्षाएं समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानव सेवा का मार्ग दिखाती हैं।

### वंचित वर्ग के कल्याण के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार बापू लाल बादशाह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाकर अंत्योदय के संकल्प को साकार करना है। इस अवसर पर दरगाह के गद्दीशीन एवं पूर्व सांसद हंसराज हंस ने कहा कि बापू लाल बादशाह का दरबार प्रेम, आस्था, इंसानियत और सूफी परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने मुख्यमंत्री की सादगी की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब और हरियाणा आपस में भाई है।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान पहुंचे मुख्यमंत्री



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को अपने पंजाब दौरे के दौरान जालंधर के नूरमहल स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान पहुंचकर संस्थान के संस्थापक एवं प्रमुख दिव्य गुरु आशुतोष महाराज को पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने संस्थान में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में भाग लेते हुए देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत-महापुरुष समाज को सत्य, सेवा, आध्यात्मिकता और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। उनके विचार समाज में सद्भाव, संस्कार और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आध्यात्मिक जागरूकता, मानव सेवा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे है।

## गोशालाओं को 820 ई-रिक्शा उपलब्ध कराई जाएंगी

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में निर्णय

चंडीगढ़। हरियाणा में गोशालाओं को पशुधन की देखरेख के लिए 820 ई-रिक्शा उपलब्ध कराई जाएंगी। एक हजार तक पशु रखने वाली गोशालाओं को एक तथा इससे अधिक गायों को रखने वाली गोशालाओं को दो ई-रिक्शा दी जाएंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में सवा दस करोड़ रुपये की लागत से ई-रिक्शा खरीदने को अनुमति दी गई। प्रदेश में कुल 770 गोशालाएं हैं। इनमें 553 गोशालाओं में एक हजार से कम, 79 गोशालाओं में दो हजार तक, 20 गोशालाओं में तीन हजार, आठ गोशालाओं में चार हजार, एक गोशाला में पांच हजार व एक गोशाला में छह हजार तक पशुधन है। गोशालाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा रहा है।

## पशुपालन विभाग के लिए तरल नाइट्रोजन खरीद को मंजूरी



चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखकर लगातार काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुधन की नस्ल सुधार प्रक्रिया को तेज करना है, ताकि पशुपालकों की आय में वृद्धि हो सके। सोमवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की उच्च स्तरीय खरीद समिति की बैठक में पशुधन के आनुवंशिक सुधार के लिए अगले दो वर्षों के लिए तरल नाइट्रोजन की दर अनुबंध (रेट कॉन्ट्रैक्ट) को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता मंत्री श्याम सिंह राणा ने की, जबकि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी मौजूद रहे। मंत्री ने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले बोवाइन फ्रोजन सीमन के उत्पादन, भंडारण और सुरक्षित परिवहन के लिए तरल नाइट्रोजन की निर्बाध उपलब्धता आवश्यक है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5840

मनकि जयभगवान पुत्र कंवल सिहं पुत्र मांगेराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 1529/1291, खाता न0 1584, मु0 न0 270, किला न0 21(7–4), 22(8–0), मु0 न0 271, किला न0 25/1(7–12), किते 3, तादादी रकबा 22 कनाल 16 मरले का 1/3 भाग, बकदर 7 कनाल 12 मरले व खेवट न0 1533/1295, खाता न0 1588, मु0 न0 277, किला न0 4(7–11), 5(7–11), 6(8–0), 7/1(3–2), मु0 न0 278, किला न0 1(7–12), 2(8–0), 10/1(6–7), 10/2(1–5), किते 8, तादादी रकबा 49 कनाल 8 मरले का 1/3 भाग, बकदर 16 कनाल 9.33 मरले व खेवट न0 1542/1304, खाता न0 1597, मु0 न0 230, किला न0 27(0–16), मु0 न0 271, किला न0 25/2(0–8), किते 2, तादादी रकबा 1 कनाल 4 मरले का 1/3 भाग, बकदर 0 कनाल 8 मरले, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 24 कनाल 9.33 मरले (3.0583125 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 270, किला न0 21 मिन पश्चिम (1–6), मु0 न0 271, किला न0 25/1(7–12), 25/2(0–8), मु0 न0 277, किला न0 4(7–11), 5 मिन उत्तर (4–10.33), 7/1(3–2), किते 6, तादादी रकबा 24 कनाल 9.33 मरले (3.0583125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 20.07.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


### खबर संक्षेप

**छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमला**

चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद तक प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। अभय चौटाला ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छात्रों का भविष्य सुरक्षित करने में विफल रही है। उनके अनुसार, कई छात्रों ने ओएमआर शीट और प्राप्त अंकों में कथित गड़बड़ी की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ छात्रों की ऑल इंडिया रैंक में परिणाम घोषित होने के बाद बदलाव हुआ।

## प्रदेश की 60 आईटीआई होंगी अपग्रेड 2892 करोड़ की कार्ययोजना मंजूर



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री स्किल एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पीएम-सेतु) योजना के तहत राज्य की 60 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के उन्नयन के लिए 2,892 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को मंजूरी दे दी है। यह उन्नयन 12 हब-एंड-स्पोक क्लस्टरों के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संचालन समिति (स्टीयरिंग कमेटी) की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि 12 प्रस्तावित क्लस्टरों में से कुरुक्षेत्र, कलायत (कैथल), पलवल, छारा (झज्जर), सोनीपत, मडलौडा और बेरली कलां सहित सात क्लस्टरों की पहचान की जा चुकी है। इनमें से पांच क्लस्टरों के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) भी जारी कर दिए गए हैं। प्रधान सचिव (युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता) राजीव रंजन ने बताया कि प्रत्येक क्लस्टर में एक हब आईटीआई तथा औसतन चार स्पोक आईटीआई होंगे।

### कारोबार करना होगा और आसान, 21 सुधारों को मंजूरी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में कारोबारी प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा निवेशक-अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अनुपालन में कमी (कम्प्लायंस रिडक्शन) एवं विनियमन-सरलीकरण (डी-रेग्यूलेशन) अभियान के तहत 28 प्राथमिकता वाले सुधारों में से 21 सुधारों को स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके साथ ही, केंद्र सरकार के इस अभियान में हरियाणा अग्रणी राज्यों में शुमार हो गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार बैठक ले रहे थे।


### रक्षा मंत्रालय
### भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
### केन्द्रीय सैनिक बोर्ड

**रक्षा मंत्रालय के आरक्षित कोटे के अंतर्गत भारत सरकार के नॉमिनी के रूप में मेडिकल/डेंटल कालेजों में डिफेंस सीटें (2026-27)**

1. निम्नलिखित श्रेणियों के सैन्य कर्मियों के पुत्रों / पुत्रियों / विधवाओं से उनके सम्मुख दर्शाई गई प्राथमिकता के अनुसार मेडिकल कालेजो और डेंटल कालेज (बशर्ते कि स्वास्थ्य मंत्रालय से उतनी सीटें आवंटित हों) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | श्रेणी | प्राथमिकता |
|---|---|---|
| (क) | युद्ध कारवाई के दौरान शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवा आश्रित/ | I |
| (ख) | युद्ध कारवाई के दौरान अपंग हुए तथा सेना से बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मियों के आश्रित | II |
| (ग) | सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान दिवंगत हुए रक्षा कर्मियों की विधवाआश्रित/ | III |
| (घ) | सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान अपंग हुए तथा बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मियों के आश्रित | IV |
| (ङ) | वीरता पदक प्राप्त सेवारत सैनिक और भूतपूर्व सैनिक के आश्रित | V |
| (च) | भूतपूर्व सैनिक के बच्चे | VI |
| (छ) | पत्नीयाँ<br>(i) युद्ध कार्रवाई के दौरान अपंग हुए तथा सेना से बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मी<br>(ii) सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान अपंग हुए हों तथा बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मी<br>(iii) वीरता पदक प्राप्त सेवारत सैनिक और भूतपूर्व सैनिक | VII |
| (ज) | सेवारत सैनिक के बच्चे | VIII |
| (झ) | सेवारत सैनिक की पत्नीयाँ | IX |

2. उम्मीदवारों के लिए अर्हता
(क) भारत सरकार के नामिती हेतु आरक्षित केन्द्रीय सीटों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन NTA द्वारा आयोजित NEET-2026 में उनके द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जायेगा NEET में अनुर्तीण अभ्यार्थी आवेदन न करें।
(ख) सिविलियनों के बच्चे इस योजना के पात्र नहीं है। इसलिए वे आवेदन न करें।

3. सभी अभ्यार्थियों से निवेदन है कि आवेदन ऑनलाइन केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाईट www.ksb.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सेवानिवृत्त कर्मी इलजीविल्टी सर्टिफिकेट को अपने RSB / ZSB से साईन करा कर अपने रिकार्ड ऑफिस से काउन्टर साईन करवा कर और सेवारत पी-V, पी-VII, पी-VIII, पी-IX, ओसी / सीओ से साईन करा कर अन्य सभी सम्बधित दस्तावेज एवं फोटो के साथ अपलोड करें।

Cbc-10405/11/0001/2627



**THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD., BHALI ANANDPUR, ROHTAK**
Email:rtk.sugar@gmail.com, website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800

LiFE Lifestyle for Environment

### ई-निविदा सूचना

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि., भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतु मूल निर्माताओं/अधिकृत वितरकों एवम् पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं:-

**आईटमस का विवरणः-**

1. नट व बोल्ट का रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
2. कम्प्रैशर स्पेयर्स की खरीद।
3. पैकिंग, ज्वायंटिंग व और Asbestos Rope का रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
4. एम.एस. पाइप लाइन का रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
5. मिल हाऊस ड्राइव के लिए पैलेनेटरी गीयर बॉक्स की खरीद।
6. कुलिंग टावर स्पेयर्स की खरीद।
7. टरबाइन स्पेयर्स की खरीद।
8. रिफाइनरी स्पेयर्स की खरीद।
9. इंस्ट्रयूमैन्ट स्पेयर्स की खरीद।
10. एफ.डी. फैन इम्पैलर शाफ्ट व हब सहित की खरीद ।
11. सैन्ट्रीफुगल स्पेयर्स की खरीद।
12. आर.ओ. प्लांट स्पेयर्स की खरीद।
13. एच.टी.ब्रेकर 2000 एम्पीयर क्रेडल सहित की खरीद।
14. शुगर हैंडलिंग चेन व स्पेयर्स की खरीद।
15. एबीबी मेक की वीएफडी व डीसी ड्राइव के स्पेयर्स की खरीद।
16. जनरल मिल स्टोर मदों की खरीद।
17. वाटर कुल्ड ए.सी. के स्पेयर्स की खरीद।
18. डी.जी.सैट के स्पेयर्स की खरीद।
19. आर.ओ. प्लांट के लिए मिक्सड बैड यूनिट की खरीद।
20. 33 केवीए पैनल की रिले टैस्टिंग व टी.जी. सैट 16 मैगावाट की रिले टैस्टिंग एनजीआर, एलएपीटी व सिंक्रोनाइजिंग पैनल सहित का कार्य ठेके पर करवाना।
21. स्नाइडर मेक की मैटीरियल सहित वीएफडी की मरम्मत का कार्य ठेके पर करवाना।
22. ब्वायलर फीड पम्प वीएफडी की एबीबी मेक के मैटीरियल सहित मरम्मत का कार्य ठेके पर करवाना।
23. ट्रांसफार्मर की सर्विस, ऑवरहालिंग, डी-हाइड्रेशन व टैप चेंजर सर्विस का कार्य ठेके पर करवाना।
24. जूस हीटरस् के कवर की मरम्मत का कार्य ठेके पर करवाना।
25. आरबीसी पर बैल्ट कन्वेयर के इरैक्शन व कमिशनिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
26. ब्वायलर पर बैंक ट्यूब्स की डिस्मैटलिंग, सप्लाई व बदलने का कार्य ठेके पर करवाना।
27. एफबीडीएस सिस्टम की मरम्मत, असैम्बलिंग, फिटिंग व ट्रायल का कार्य ठेके पर करवाना।
28. मेन स्टीम हैडर से टरबाइन इनलैट तक हाई प्रैशर पाइप लाइन की डिजाइन, सप्लाई, डिस्मैटलिंग, इरैक्शन व कमिशनिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
29. कॉटीन्यूअस सैन्ट्रीफुगल मशीन व बैच टाइप सैन्ट्रीफुगल मशीन की मरम्मत व डायनामिक बैलैंसिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
30. 150 एच.पी. तक की मोटर रिवाइंडिंग का रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
31. मिल हाऊस ड्राइव के लिए रोपलैस कपलिंग की सप्लाई व कमीशनिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
32. सीजन के दौरान रिफाइनरी में मैम्बरेन फिल्टर प्रैस के लिए फिल्टर क्लॉथ की खरीद।
33. ईटीपी प्लांट में लगने वाले डिफ्यूजर व मैम्बरेन की खरीद।
34. सैन्ट्रीफुगल हाऊस में कॉन्टीन्यूअस मशीनों में लगने वाली निकिल स्क्रीन की खरीद।
35. 25,000 क्विंटल (सीजन् 2025-26) शीरे की बिक्री हेतू।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध है। सभी निविदाएं दिनांक 27.07.2026 को प्रातः 9:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल etenders.hry.nic.in पर जमा की जाएंगी एवम् तकनीकी व वित्तिय निविदाएं दिनांक 27.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे खोली जाएंगी। निविदादाता क्र०सं० 1 से 34 तक अपनी दरे न्यूनतम आधार पर एवम् क्र०सं० 35 के लिए अपनी दरें अधिकतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नैगोसिएशन दिनांक 29.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी । उपरोक्त सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए निविदादाता मोबाइल नं.- 8192009468 या 7027481000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-मुख्य लेखा अभियन्ता
कृतेः प्रबन्ध निदेशक

संवाद- 1039/11/132/2027/47336/C/88/6 दि. 20.07.26


## 6 माह में 281 गुमशुदा को परिजनों से मिलाया



चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस की राज्य अपराध शाखा के तहत कार्यरत 22 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) ने वर्ष 2026 के पहले छह माह (1 जनवरी से 30 जून) के दौरान 281 गुमशुदा व्यक्तियों का सफलतापूर्वक पता लगाकर उन्हें उनके परिजनों से मिलाया। इनमें 57 नाबालिग बच्चे और 224 वयस्क शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने इस उपलब्धि पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स की सराहना करते हुए कहा कि गुमशुदा व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाना हरियाणा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गुमशुदगी के पीछे किसी परिवार की पीड़ा और उम्मीद जुड़ी होती है। हरियाणा पुलिस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों को उनके घर पहुंचा रही है।

### पैरलल लाइसेंस के खिलाफ एकजुट हुए संगठन

चंडीगढ़। गुरुग्राम और नूंह जिलों में बिजली वितरण के समानांतर लाइसेंस देने, कृषि क्षेत्र के लिए अलग से एग्री डिस्कॉम और स्मार्ट मीटरिंग के खिलाफ बिजली कर्मचारी, इंजीनियर्स, किसान और मजदूर संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। आंदोलन के लिए 23 सदस्यीय हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं उपभोक्ता संघर्ष मंच का गठन किया है।

## ग्रीवेंस कमेटी की सुनवाई में भड़के मंत्री पंवार एचएचओ व एएसआई को सस्पेंड करने के निर्देश

दहेज प्रताड़ना मामले की जांच में लापरवाही पर कार्रवाई

पंचकूला। शहर में सोमवार को आयोजित ग्रीवेंस कमेटी की बैठक के दौरान दहेज प्रताड़ना के एक मामले की सुनवाई में वरिष्ठ मंत्री कृष्ण लाल पंवार नाराज हो गए। उन्होंने जांच में कथित लापरवाही को लेकर महिला थाना प्रभारी राजेश कुमारी और एएसआई कविता को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। हालांकि पंचकूला की डीसीपी अदिति सिंह ने पहले मामले की जांच पूरी करने की बात कही, लेकिन मंत्री ने कहा कि फिलहाल दोनों को निलंबित किया जाए और यदि जांच में दोषी नहीं पाई जाती हैं तो बाद में बहाल कर दिया जाए। मामला पंचकूला के सेक्टर-15 निवासी मनीषा की शिकायत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया और उसके पिता से छह लाख रुपये भी लिए गए। उसने आरोप लगाया कि पुलिस ने जांच में छह लाख रुपये और ससुर की भूमिका का उल्लेख नहीं किया तथा मामले की सही तरीके से जांच नहीं की। सुनवाई के दौरान मंत्री ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को कानून का ज्ञान होना चाहिए और निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय भोंडसी रखने की भी सिफारिश की। डीसीपी ने कहा कि मामले की विभागीय जांच कराई जाएगी और जांच में खामी मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आठ चिकित्सकों पर कार्रवाई के विरोध में उतरे डॉक्टर, कल दो घंटे करेंगे कार्य बहिष्कार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

### एचसीएमएस ने कार्रवाई वापस लेने की मांग की, काली पट्टी बांधकर भी जताएंगे विरोध

हरियाणा सिविल चिकित्सा सेवा (एचसीएमएस) एसोसिएशन ने हिसार जिले के आठ सरकारी चिकित्सकों के विरुद्ध हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के नियम-8 के तहत शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई का विरोध किया है। एसोसिएशन ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई तत्काल वापस लेने की मांग की है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत जिले के सरकारी चिकित्सक ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे, जबकि 22 जुलाई को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगे।

हालांकि इस दौरान आपातकालीन एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। ज्ञापन में कहा गया है कि संबंधित चिकित्सक लंबे समय से कठिन परिस्थितियों में सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सफल संचालन करते हुए आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। ऐसे समर्पित चिकित्सकों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई से उनका मनोबल प्रभावित हुआ है और पूरे प्रदेश के सरकारी चिकित्सकों में असंतोष का माहौल है। एचसीएमएस ने कहा कि राज्य सरकार एक ओर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और चिकित्सकों को प्रोत्साहित करने की बात करती है।

जिला अध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार ने सरकार से जनहित में नियम-8 के तहत शुरू की गई कार्रवाई वापस लेकर संवाद के माध्यम से समाधान निकालने की मांग की है।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 20 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 2, अतिरिक्त अनाज मण्डी, मण्डी आदमपुर, हरियाणा 125052 |
| 085957000389 | पवन कुमार | |
| शाखा का नाम : बहादुरगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सैनी मार्केट, मॉडल टाउन, खसरा नंबर 2373/2368/2382, बहादुरगढ़, हरियाणा-124507 |
| 046157000074 | मोहित | |
| शाखा का नाम : बीधल | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बस स्टैंड के पास, राजकीय प्राथमिक विद्यालय के सामने, बिधल, सोनीपत, हरियाणा 131301 |
| 373557000025 | मंजीत मंजीत | |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., रोहतक रोड, लोनिवि विश्राम गृह के सामने, चरखी दादरी, ज़िलाः भिवानी, हरियाणा-127306 |
| 211157000384 | धरमबीर सिंह | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नंबर 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001 |
| 102505007416 | रविन्दर भुटानी | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-02 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., भू-तल और प्रथम तल, शॉप नंबर 93, शॉपिंग सेंटर, सेक्टर-02, फरीदाबाद, हरियाणा-121006 |
| 828957000031 | अंकित | |
| 828957000030 | सुमित | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-29 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओएफ नं. 56, सेक्टर 29 शॉपिंग सेंटर, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा 121008 |
| 140057000248 | मोहित पराशर | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - आईएमटी मानेसर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., जीएफ, नं. 59-61, इरोस कॉर्पोरेट पार्क, सेक्टर 2, आईएमटी, मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा 122052 |
| 035857000274 | मयंक शर्मा | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-21 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., यूनिट 05, सनसिटी ट्रेड टॉवर, ओल्ड दिल्ली गुड़गांव रोड, सेक्टर 21, गुड़गांव 122013 |
| 370905001773 | अमर देव सिंह | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-4 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर-4, गुड़गांव, हरियाणा 122001 |
| 244857000029 | रूपा कुमारी | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - यूटीडब्ल्यू साइबर पार्क | | आईसीआईसीआई बैंक लि., यूनिट नंबर 004ए, ग्राउंड फ्लोर, टॉवर-ए, यूनिटेक वर्ल्ड साइबर पार्क, सेक्टर-39, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 |
| 732757000033 | श्रीविद्या सुन्दरम | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - गैलेक्सी मैग्नम सेक्टर-63ए | | आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नंबर 6, मैग्नम सिटी सेंटर, सेक्टर-63ए, गुरुग्राम 122011, हरियाणा |
| 539657000016 | राहुल राहुल | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - रत्न गार्डन | | आईसीआईसीआई बैंक लि., रतन गार्डन, न्यू कॉलोनी मोड़, ओल्ड रेलवे रोड, सेक्टर-7, गुड़गांव-122001 |
| 106905003501 | सुधा देवी | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-82 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नंबर 1, 2 और 4, 5, 6, वाटिका टाउन स्क्वायर, सेक्टर-82, गुड़गांव, हरियाणा-122012 |
| 387557000085 | कृष्णा देवी | |
| 387557000086 | कृष्णा देवी | |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम - सेक्टर-5 | | आईसीआईसीआई बैंक लि, डीएसएस नं. 48, हुडा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-5, गुड़गांव, ज़िला-गुरुग्राम, हरियाणा-122001 |
| 776357000041 | सोनिया धीमान | |
| 776357000078 | पिंकी | |
| शाखा का नाम : मुजेरी-आईएमटी सेक्टर-70 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, आगमन सोसाइटी, गाँव मुजेरी, सेक्टर-70, फरीदाबाद, हरियाणा 121006 |
| 779805000254 | सौरव सिंह | |
| शाखा का नाम : नारायणगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 561, वार्ड नं. 12, निकट अनाज मंडी, नारायणगढ़-134203 |
| 093162004911 | जसबीर जसबीर | |
| शाखा का नाम : नारनौंद | | आईसीआईसीआई बैंक लि., पुलिस स्टेशन के सामने, मेन रोड, नारनौंद, जिला हिसार, हरियाणा 125039 |
| 381862000832 | कुलदीप ना | |
| शाखा का नाम : पलवल | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 1750, न्यू कॉलोनी रोड, आगरा चौक, पलवल, हरियाणा-121102 |
| 073457000206 | बंदना कुमारी | |
| शाखा का नाम : रोहतक | | आईसीआईसीआई बैंक लि. अशोका प्लाजा, दिल्ली रोहतक रोड, रोहतक, हरियाणा-124001 |
| 016857000262 | मोहित | |
| शाखा का नाम : रोहतक-हिसार रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., हिसार रोड, रोहतक 124001 |
| 662157015153 | संजीव | |
| शाखा का नाम : जीरकपुर-धाकोली | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नंबर 45, पंचकुला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पीर मुचल्ला रोड, धाकोली, जीरकपुर-140603, पंजाब |
| 775805000267 | मानव सिंह | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे – अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 21.07.2026
स्थान : गुरुग्राम, अम्बाला, हिसार, सोनीपत, फरीदाबाद, झज्जर, रोहतक, चरखी दादरी, हांसी, पलवल, पंचकूला

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**खबर संक्षेप**

## पानी के टैंक में डूबने से युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** मथाना गांव में प्लास्टिक पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में काम की तलाश में आए युवक की पानी के टैंक में डूबने मौत हो गई। वह 5 दिन पहले ही पंजाब से काम की तलाश में अपने भाई के पास मथाना आया था। वह पैर फिसलने से पानी में गिरा, लेकिन उससे बाहर नहीं आया गया। मृतक की पहचान यूपी के बहराइच जिले के अडुका गांव के 20 साल के ननकुन के रूप में हुई है। ननकुन अपने भाई चंद्रिका, मोती लाल और पंकज से छोटा था। परिवार के लोग उसके लिए रिश्ता देख रहे थे। ननकुन पहले पंजाब में किसी फैक्ट्री में काम करता था। वहां से काम छोड़कर वह 14 जुलाई को कुरुक्षेत्र आया था। फैक्ट्री में ननकुन शाम को फैक्ट्री के पास बने करीब 10 फीट गहरे पानी के टैंक के पास अपने कुछ साथियों के साथ नहा रहा था। कुछ देर बाद साथी अपने काम पर लौट गए। उनके जाने के बाद उसने टैंक के ऊपर लगा लोहे का सुरक्षा जाल हटा दिया और नहाने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह सीधे गहरे पानी में जा गिरा।

## सीबीआई अफसर बन ठगने वाला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला से सीबीआई अधिकारी बनकर 4.39 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। मूल रूप से गांव लूला अहीर की रहने वाली यादव नगर निवासी ज्योति यादव ने पुलिस शिकायत में बताया था कि गत 26 मई को उसके व्हाट्सएप पर एक अनजान कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए डराया कि उसकी सहेली को मुंबई एयरपोर्ट पर भारी मात्रा में सोने और ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है और वह भी इसमें शामिल है। डरी हुई महिला ने मई से जून माह के दौरान विभिन्न बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4.39 लाख रुपये ठगों के बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। इस मामले में पुलिस ने जिला सिरसा के गांव ओटू निवासी शुभन को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कर्ण राजपूत का बैंक खाता कमीशन के आधार पर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध करवाने में मध्यस्थता की थी। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## एसडीएम के तबादले पर अड़े वकील, वर्क सस्पेंड

**रेवाड़ी।** कोर्ट में सीनियर वकीलों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने और राजस्व मामलों में मनमाने तरीके से फैसले सुनाने के विरोध में जिला बार एसोसिएशन ने सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। वकील एसडीएम का तबादला होने तक धरने पर बैठने और अदालतों में पेश नहीं होने का फैसला ले चुके हैं। वकीलों के कोर्ट में पेश नहीं होने से लगभग 2 हजार केसों की सुनवाई नहीं हो सकी। दूसरी ओर एसडीएम ने भी वकीलों पर पलटवार करते हुए अपनी राजनीति चमकाने के आरोप लगाए हैं। सोमवार सुबह बार एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रधान विश्वामित्र की अगुवाई में एकत्रित हुए। पार्किंग में टेंट लगाकर वकील धरने पर बैठ गए। इस दौरान एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

### दिल्ली में दो प्रदर्शनों में जाने से रोकने के लिए हरियाणा में पुलिस ने लगाया पहरा

# कई नेताओं को जंतर-मंतर जाने से रोका, पुलिस ने हिरासत में लिए

- रोहतक और सोनीपत समेत कई जिलों से नेता व समाजसेवी सोमवार के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हुए
- पुलिस ने जबरदस्ती हिरासत में लेकर कई घंटे तक अपनी निगरानी में रखा, पेपर लीक पर दिल्ली में हो रहा है प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिल्ली में सोमवार को जंतर-मंतर से प्रस्तावित संसद कूच में शामिल होने जा रहे हरियाणा के विभिन्न जिलों से नेताओं को पुलिस ने पहले ही हिरासत में ले लिया। कई जगह पुलिस और दिल्ली जाने वाले नेताओं में नोक झोंक भी हुई। रोहतक में जिला परिषद सदस्य जयदेव डागर को सोमवार को पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें जिला विकास भवन परिसर से अपने साथ लेकर गई। बताया जा रहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संसद कूच में उनकी संभावित भागीदारी को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। देर शाम तक उन्हें पुलिस हिरासत में रखा गया।

जयदेव डागर ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि वे शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने के लिए दिल्ली जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया।



**रोहतक।** जिला पार्षद जयदेव को लेकर जाती पुलिस।

### सीटू का भी प्रदर्शन

**करनाल।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने सोमवार को करनाल में प्रदर्शन कर तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सीटू ने सोनम वांगचुक द्वारा जारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के प्रति एकजुटता जताई है। संगठन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे या बर्खास्तगी की मांग भी उठाई।

## दिल्ली जाने से रोकने पर रेलवे स्टेशन पर हंगामा

**सोनीपत।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता विमल किशोर को सोमवार सुबह रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक बहस होती रही। आप नेताओं का आरोप है कि विरोध करने पर पुलिस ने विमल किशोर को जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। पार्टी नेताओं के अनुसार, घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और विरोध जताया। इसके बाद पुलिस पीछे हट गई और विमल किशोर बाद में लोकल ट्रेन के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उनके साथ नगर निगम पार्षद नवीन बिट्टू, राजेश मलिक और अनुज जैन भी मौजूद रहे। जिला पार्षद संजय



बड़वासनिया ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है और इस तरह लोगों को रोकना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक का आंदोलन युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर है। उन्होंने नीट परीक्षा में अनियमितताओं और बेरोजगारी का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास नहीं होना चाहिए। उधर, आंदोलन के मद्देनजर कुंडली बॉर्डर और रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।

# महापंचायत से पहले चढ़ूनी को पकड़ा, कई जगह लगाया जाम

- भारत अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में आज दिल्ली के किसान घाट पर होनी है महापंचायत
- चढ़ूनी समेत कई किसान नेताओं को पकड़े जाने के विरोध में कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला व रेवाड़ी आदि कई जिलों में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भारत अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में 21 जुलाई को देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर प्रस्तावित किसान घाट महापंचायत से एक दिन पहले पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी, संगठन के प्रवक्ता राकेश बैंस तथा भाकियू के जिला कुरुक्षेत्र प्रधान कृष्ण कलाल माजरा को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, गुरनाम सिंह चढ़ूनी जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान कृष्ण श्योकंद के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए नरवाना जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पिहोवा थाने पहुंचा दिया। दूसरी ओर, भाकियू के जिला कुरुक्षेत्र प्रधान कृष्ण कलाल माजरा को पीपली से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि विभिन्न किसान संगठनों ने 21 जुलाई को किसान घाट पर महापंचायत बुलाकर किसानों की मांगों और आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा करने का ऐलान किया है। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही किसान संगठनों में नाराजगी फैल गई।

### कुरुक्षेत्र में डेढ़ घंटा सड़क पर की नारेबाजी



**कुरुक्षेत्र।** गुरनाम सिंह चढ़ूनी को अपने साथ ले जाती पुलिस।

चढ़ूनी को पकड़े जाने के विरोध में कैथल, अंबाला, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र समेत कई जिलों में किसानों ने प्रदर्शन किया। कुरुक्षेत्र में नाराज किसानों ने लाडवा में यमुनानगर-लाडवा रोड पर जाम लगा दिया। किसानों ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी की रिहाई की मांग की। मौके पर डीएसपी लाडवा निर्मल सिंह, एसएचओ राजीव कुमार व पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने जाम लगा रहे किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान रिहाई की मांग पर अड़े रहे। किसानों ने करीब डेढ़ घंटा जाम लगाने के बाद खोल दिया। वहीं, किसानों ने अंबाला में शंभू टोल को दोपहर को बंद कर दिया। चढ़ूनी को हिरासत में लिए जाने के बाद उनके फेसबुक पेज से वीडियो जारी किया गया। वीडियो में चढ़ूनी के बेटे ने दावा किया कि चढ़ूनी समेत संगठन के कई पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। 21 जुलाई को दिल्ली के किसान घाट कूच के लिए सुबह 8 बजे किसानों को एकत्र होना था। लेकिन उससे पहले ही कार्रवाई कर दी गई।

### तोशाम मार्ग पर वाहनों की भीषण टक्कर से लगी आग

# डंपर व ट्राले की टक्कर में जिंदा जला चालक, दूसरे को बचाया



**तोशाम।** सड़क किनारे पर जलता हुआ वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

ईशरवाल से तोशाम मार्ग पर रोढ़ा मोड़ के नजदीक सोमवार दोपहर डंपर व ट्राले की टक्कर हो जाने से जबरदस्त आग लग गई। जिसके कारण ट्राले चालक की जिंदा झुलसने से मौत हो गई। जबकी डंपर चालक को दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत कर बचा लिया। डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको मौके से एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अस्पतला भिजवा दिया। आग लगने की सूचना के बाद डीएसपी दलीप सिंह व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकालने के लिए एचडीआरफ की टीम व एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई थी। हादसे के बाद ईशरवाल, लोहारू व तोशाम की तरफ सड़क पर लंबा जाम लग गया, जो आग बुझाए जाने के बाद खुला।

सोमवार को दोपहर करीबन ढाई बजे ईशरवाल से तोशाम मार्ग पर रोढ़ा मोड़ पर डंपर व ट्राले की टक्कर हो जाने से भयानक आग लग गई। ट्राला चालक काफी तेज स्पीड में बताया जा रहा है। ट्राला चालक यूपी के अलीगढ़ के नजदीक छारा मंडी से मक्का भरकर ईशरवाल आ रहा था। जबकि डंपर चालक मढ़ान के नजदीक चल रहे रास्ते के काम पर रोड़ी खाली कर आ रहा था। तेज स्पीड होने के कारण ट्राला चालक अपनी गाड़ी को काबू नहीं कर पाया, जिसके कारण यह हादसा हो गया। हादसे में राजस्थान के खेतड़ी के नजदीक गांव का 40 वर्षीय ट्राला चालक मुन्नाराम आग लगने के कारण कैबिन के अंदर ही झुलस गया। मृतक दो बच्चों का पिता बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान हुई आगजनी के बीच धमाकेदार आवाज भी आई यह धमाकेदार आवाज तेल की टंकी या टायर फटने की हो सकती है।

**दुकानदारों ने जेसीबी से बचाया :** दुकानदारों ने बताया कि टक्कर लगते ही ट्राले के कैबिन में आग लग गई, जबकि डंपर तक आग की कम लपटें पहुंचीं। दुकानदारों ने इंसानियत की मिसाल कायम कर डंपर चालक को जेसीबी की सहायता से बचा लिया। डंपर चालक नवीन बचाव के लिए चिल्लाता रहा।

### खड़े वाहन से टकराई कार तीन की मौत, 3 घायल

**नूंह।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गांव बनारसी के पास सोमवार देर रात सड़क हादसे में कार सवार 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जयपुर से दिल्ली की ओर जा रही कार में कुल 6 लोग सवार थे। देर रात करीब 3 बजे, जब उनकी कार एक्सप्रेसवे पर चैनल नंबर 47 के निकट पहुंची, तो वह सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े एक वाहन से टकरा गई। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे के बाद अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वाला ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

# अध्यापक को पेंचकस मारकर छात्र फरार

**चोपटा (हरिभूमि न्यूज)।** नाथूसरी चौपटा खंड के गांव जमाल में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को दसवीं कक्षा के छात्र ने अध्यापक पर हमला कर दिया। छात्र ने इस दौरान पेंचकस से अध्यापक की गर्दन पर तीन से चार वार किए। इससे अध्यापक घायल हो गए। स्कूल के अध्यापकों ने चौपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें भर्ती करवाया, जहां से उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं घटना के बाद छात्र मौके से फरार हो गया। जमाल चौकी पुलिस ने अध्यापक की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को सुबह 11 बजे हिंदी अध्यापक सुनील कुमार कक्षा में कॉपी जांच रहे थे। इसी दौरान दसवीं कक्षा के नाबलिग छात्र ने बैग से पेंचकस निकाला। वह तेजी से अध्यापक की तरफ बढ़ा। इसके बाद हिंदी अध्यापक पर एक के बाद तीन से चार वार कर दिए। इस घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। वहीं आरोपी छात्र मौके से फरार हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही प्राचार्य प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। इसके बाद स्कूल के अध्यापकों ने घायल अध्यापक सुनील को संभाला। अध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि छात्र ने हमला किस कारण से किया, मुझे नहीं पता है। इस मामले की पुलिस जांच कर रही है।



सुनील कुमार। – फाइल फोटो

# मय्यड़ में पत्नी की गला घोंटकर हत्या आरोपी पति ने खुद भी लगाया फंदा

- रिलेशनशिप में रहने वाली महिला युवक पर बना रही थी पैसों का दबाव, केस दर्ज
- घटना के बाद दो बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सदर थाना क्षेत्र के गांव मय्यड़ में एक व्यक्ति ने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतका की पहचान 38 वर्षीय दर्शना व आरोपी पति की पहचान 40 वर्षीय बलजीत उर्फ दानू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बलजीत के साथ रिलेशनशिप में रहने वाली हांसी की एक महिला द्वारा रुपये देने का दबाव बनाने से तंग आकर इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक बलजीत के भाई संदीप की शिकायत पर मृतक व हांसी की एक महिला पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



मृतक दंपति का फाइल फोटो।

परिजनों का कहना है कि बलजीत गांव में ही डीजे का काम करता था। बलजीत पिछले पांच साल से हांसी के प्रेम नगर की एक महिला के संपर्क में था। महिला ने बलजीत पर भी केस दर्ज कराया हुआ था। आरोप है कि वह महिला बलजीत पर पैसे देने का दबाव बना रही थी। इसी के चलते 15 दिन पहले एक पंचायत भी हुई थी। पंचायत में महिला को एक लाख 40 हजार रुपये देने का फैसला हुआ था। फैसला में तय हुआ था कि बलजीत यह रकम 4 महीने में देगा। बलजीत 20 जुलाई को उस महिला को 70 हजार रुपये देगा और बाकी रकम बाद में दे देगा।

### मौत के बाद भी महिला के फोन आए

परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह बलजीत की मौत के बाद भी उस महिला के फोन आते रहे। जब उसे बताया कि बलजीत ने फांसी लगा ली है तो सामने से उसने कहा कि पैसे न देने पड़े इसलिए ये झूठ बोल रहे हैं। परिवार का कहना है कि महिला के इसी दबाव के कारण बलजीत परेशान था। इस परेशानी के चलते बलजीत ने गुस्से में आकर चुन्नी से पत्नी दर्शना का गला घोंट दिया। पत्नी की मौत के बाद उसने भी उसी कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय दंपती के दो बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। सोमवार सुबह जब बच्चों ने कमरे में जाकर देखा तो माता-पिता मृत हालत में पड़े थे। बच्चों ने परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी।

### झज्जर के मुनीमपुर में गोवंश को बचाते हुए कुएं में चार की मौत मामले में सात घंटे चली पंचायत

# मृतकों के परिजनों को 41-41 लाख व नौकरी पर माने ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार देर सायं क्षेत्र के गांव मुनीमपुर में गोवंश को बचाने के लिए कुएं में उतरे चार युवकों की जहरीली गैस के कारण दम घुटने से हुई मौत मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सोमवार को पंचायत का आयोजन किया। इसमें आसपास के गांवों के सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। पंचायत में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़, विधायक कुलदीप वत्स, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, डीसी वर्षा खांगवाल, एडीसी जगनिवास, एसडीएम विशाल कुमार भी शामिल हुए।



**झज्जर।** पंचायत के दौरान डीसी वर्षा खांगवाल अपनी बात रखते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

करीब सात घंटे चली पंचायत में लोगों की प्रशासन के ऊपर नाराजगी दिखाई दी। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन इस मामले में संजीदगी दिखाता तो हादसा टल सकता था। बाद में 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़, विधायक कुलदीप वत्स, डीसी व मृतकों के परिजन व अन्य प्रबुद्धजन शामिल रहे। जिसमें निर्णय लिया गया कि पीड़ित परिवारों को 41-41 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, योग्यतानुसार सरकारी नौकरी, गांव में स्मारक बनाने पर सहमति बनी।

**सम्मान**

### लोक भवन में हुई हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 44वीं वार्षिक सामान्य सभा

# राज्यपाल ने स्काउट एंड गाइड में उपलब्धियों पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 44वीं वार्षिक सामान्य सभा हरियाणा के लोक भवन, चंडीगढ़ में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, जो हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक भी हैं, ने की। इस अवसर पर राज्य परिषद् के पदाधिकारी, जिला मुख्य आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. के.के. खण्डेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), राज्य मुख्य आयुक्त, हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने राज्यपाल को गत एक वर्ष के दौरान संगठन द्वारा किए गए कार्यों, सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, युवा विकास गतिविधियों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय उपलब्धियों तथा भविष्य की कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नवनियुक्त पदाधिकारियों को वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट्स, गाइड्स एवं पदाधिकारियों को विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, जम्बूरियों में उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा स्काउटिंग एवं गाइडिंग के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाले सम्मान शामिल थे।

इस अवसर पर नरेश कौशल, संपादक, धीरा खण्डेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), उपाध्यक्ष, हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, आशिमा बरार, आईएएस; अमनीत पी. कुमार, आईएएस; प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेन्द्रगढ़; प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र सिंह, कुलपति, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत, आरके गुप्ता, प्रो-वाइस चांसलर; साकेत कुमार, आईएएस, मणिराम शर्मा, आईएएस, विजय कुमार सिद्धप्पा भाविकट्टी, आईएएस, गीत राठी सिंह सहित अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद्, राज्य पदाधिकारी, जिला मुख्य आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त तथा विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।




**चंडीगढ़।** राज्यपाल उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हुए।

### राष्ट्र निर्माण का है सशक्त माध्यम

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल ने हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा युवा चरित्र निर्माण, राष्ट्र सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स को बधाई देते हुए कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इसी प्रकार निस्वार्थ भाव से समाज एवं राष्ट्र की सेवा करते हुए स्काउटिंग आन्दोलन को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान देते रहें।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के साढौरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी का सोमवार तड़के हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह करीब 58 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को उनके पैतृक गांव भूखड़ी में पूरे राजकीय सम्मान और कांग्रेस के झंडे में लिपटे पार्थिव शरीर के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। राजपाल भूखड़ी वर्ष 2009 से 2014 तक साढौरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। उनके नेतृत्व में करीब तीन दशक बाद कांग्रेस ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और विधायक अकरम खान ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। नेताओं ने कहा कि राजपाल भूखड़ी कांग्रेस के मजबूत स्तंभ थे और उनके निधन से पार्टी ने एक समर्पित तथा जुझारू नेता खो दिया है। अंतिम यात्रा में मुलाना विधायक पूजा चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के प्रतिनिधि बलजीत सिंह, भाजपा नेता ऋषिपाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरपाल गुर्जर, सतपाल कौशिक, अशोक मेहता, जाकिर हुसैन व प्रो. रायसिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 149 सड़कें यातायात के लिए बंद ,आमजन हलकान

# उत्तराखंड: सरयू नदी में बहा बच्चा, बारिश व भूस्खलन से चारधाम यात्रा रोकी, 'रेड अलर्ट'

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में एक बच्चा उफनाई सरयू नदी में बहकर लापता हो गया जबकि एक अन्य की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित करीब 150 सड़कें अवरुद्ध हो गईं, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने सोमवार को एहतियात के तौर पर चारधाम यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी। मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी और हरिद्वार जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' तथा शेष जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।



### चौबीसों घंटे सतर्क रहने के निर्देश

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में प्रशासन को चौबीसों घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में कक्षा एक से 12 तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।



### यूपी: नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा

यूपी में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वाराणसी और प्रयागराज में घाटों की सीढ़ियां डूब गई हैं। काशी में दशाश्वमेध से लेकर पंचगंगा घाट तक रत्नेश्वर महादेव मंदिर समेत 40 छोटे मंदिरों में पानी घुस गया है।

### हिमाचल में भी अलर्ट, स्कूल बंद

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के रेड अलर्ट के बाद कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों के सभी सरकारी और निजी स्कूल-कालेजों को 20 और 21 जुलाई के लिए बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने और खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

### ऊपरी असम में बाढ़ से स्थिति गंभीर, सेना तैनात, रेल सेवाएं प्रभावित

*गुवाहाटी (भाषा) । ऊपरी असम में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्यों में राज्य की एजेंसियों की मदद के लिए सेना के जवानों को तैनात करना पड़ा। वहीं क्षेत्र में रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है और कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं, उन्हें अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है या गंतव्य से पहले रोका गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, इस साल आई बाढ़ में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। प्राधिकरण ने बताया कि चराईदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, जोरहाट, शिवसागर, तिनसुकिया और उदलगुरी जिलों में 57,100 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य के कई चाय बागान बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। टी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की असम इकाई ने कहा कि*

### जम्मू-कश्मीर में चार और लोगों की मौत, दो दिन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हुई

दूसरे दिन भी वैष्णो देवी यात्रा स्थगित

शव निकालने के लिए सेना ने हेलीकॉप्टर इस्तेमाल किया



*जम्मू (भाषा)। जम्मू में बारिश से जुड़ी घटनाओं में सोमवार को चार और लोगों की मौत हो गई, जिससे पिछले दो दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लगातार भारी बारिश के कारण कम से कम सात लोग अब भी लापता हैं वहीं बाढ़ प्रभावित पुंछ और राजौरी जिलों में बचाव एवं राहत अभियान प्रभावित हुआ। जम्मू-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रग्गी नाला के पास एक पहाड़ी से चट्टान एक यात्री बस पर गिर गई। सात घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनमें से एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मनीष कुमार के रूप में हुई है। इसके अलावा क्षतिग्रस्त वाहन से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। कश्तीगढ़ क्षेत्र में अपने घर के पास पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से शिव देवी नामक महिला की मौत हो गई। इस बीच आकस्मिक बाढ़ में बह गए विकास अहमद का शव सोमवार सुबह राजौरी शहर के सलानी क्षेत्र में नदी से बरामद किया गया। सेना ने अचानक आई बाढ़ में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति का शव नदी से निकालने के लिए सोमवार को हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया।*

## खबर संक्षेप

### एक परिवार के सभी ने पीया जहर, 3 की मौत

**करौली।** जिले के सपोटरा उपखंड के बालौती गांव की बैरवा बस्ती में सोमवार को दिल दहला देने वाली



घटना सामने आई। यहां एक ही परिवार के 4 सदस्यों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इस घटना में रामदयाल बैरवा, उनकी पत्नी राजबाई और पुत्र लक्ष्मीनारायणकी मौत हो गई, जबकि विजयराजका जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। परिवार लंबे समय से बीमारी और उससे जुड़ी परेशानियों से जूझ रहा था।

### जवाहर भवन के चौथे तल पर लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह करीब 9:40 बजे जवाहर भवन के चौथे तल पर



आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देख लोगों में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों की सूचना पर फायर ब्रिगेड10 बजे के करीब पहुंची और आग पर काबू पाने में जुटी। इंदिरा भवन जवाहर भवन कर्मचारी संघ के पंकज मेहरोत्रा ने बताया जहां आग व हां कैंटीन, मलेरिया विभाग हैं।

### सीएम विजय पर विवादित बयान, विधायक अरेस्ट

**चेन्नई।** सोमवार को तमिलनाडु पुलिस ने डीएणके विधायक जी आर मार्कंडेयन को गिरफ्तार किया। विधायक ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के खिलाफ अपमानजनक और धमकी भरी टिप्पणी की थी। इस गिरफ्तारी के बाद, डीएणके समर्थकों ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की।

### डोभाल को लोकमान्य तिलक पुरस्कार मिलेगा

**पुणे।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक पुरस्कार के लिए चुना गया है। तिलक स्मारक ट्रस्ट ने सोमवार को यह घोषणा की। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. रोहित तिलक ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक अगस्त को पुणे में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार समारोह पुणे के गुलटेकड़ी क्षेत्र स्थित महाराष्ट्रीय मंडल मैदान में आयोजित किया जाएगा।

## मानसून सत्र: चढ़ावा चोरी, पेपर लीक को लेकर संसद में हंगामा

# संसद में हर आवाज को सुने जाने का अवसर मिलना चाहिए : मोदी

प्रधानमंत्री ने सदन में राहुल पर कसा तंज 56 साल के युवा की बात नहीं कर रहा

*हंगामे के चलते कोई विधायी कामकाज भी नहीं हो सका*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्षी सदस्यों ने परीक्षाओं में कथित अनियमितता, राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा किया जिसके कारण राज्यसभा की बैठक पांच बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब ढाई बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण उच्च सदन में प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सके और कोई विधायी कामकाज भी नहीं हो सका। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र को उत्पादक एवं सार्थक बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि सदन में चर्चा तर्क और तथ्यों के आधार पर होगी तो हंगामे या ऊंची आवाज में बोलने की कोई जरूरत नहीं होगी। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मौसमी मानसून का सकारात्मक प्रभाव दिखना शुरू हो गया है और संसद का मानसून सत्र भी शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "जब दोनों उत्पादक होते हैं तो वे देश और सभी जीवों के कल्याण में योगदान देते हैं। इसी उम्मीद के साथ हम प्रार्थना करते हैं कि मानसून सक्रिय रहे और संसद का मानसून सत्र भी उतना ही उत्पादक हो।

राज्यसभा की बैठक पांच बार के स्थगन के बाद पूरे दिन स्थगित रही




### संसद में सरकार बोली- ई20 पेट्रोल से इंजन खराब नहीं



देश में 20 फीसदी एथेनॉल मिला पेट्रोल यानी ई20 फ्यूल से गाड़ियों के इंजन खराब होने या उनके अचानक बंद होने की कोई पुख्ता रिपोर्ट नहीं है। सरकार ने आज यानी 20 जुलाई को राज्यसभा यानी संसद में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि देशभर में चल रहे 23 करोड़ से ज्यादा गाड़ियों के चलाने के अनुभवों और कई वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकला है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ई20 फ्यूल से इंजन को नुकसान पहुंचने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। राज्यसभा में मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि देश में 20 करोड़ से ज्यादा टू-व्हीलर्स और 3 करोड़ से अधिक पेट्रोल कारें वर्तमान में एथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी पर चल रही हैं। इनमें एक बड़ी संख्या उन पुराने वाहनों की भी है, जिन्हें ई20 सर्टिफिकेशन मिलने से पहले मैन्युफैक्चर किया गया था।

### सीजेपी ने की जेपी नड्डा से मुलाकात, रखीं तीन मांगे



**नई दिल्ली।** बवाल के बीच प्रदर्शनकारियो ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के डेलिगेशन ने जेपी नड्डा के सामने तीन मांगे रखी हैं। केंद्रीय मंत्री नड्डा के साथ मुलाकात के बाद सौरव दास ने कहा कि सरकार ने आगे बातचीत का आश्वासन दिया है।

**पहली मांग-** सीजेपी ने एजुकेशन मिनिस्टर धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा है।

**दूसरी मांग-** सुसाइड करनेवाले बच्चों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए।

**तीसरी मांग-** वांगचुक को वापस जंतर मंतर लाया जाए, अनशन तुड़वाया जाए।

प्रदर्शनकारी तब तक नहीं रुकेंगे जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती, सौरव दास ने नड्डा से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की।

### विपक्ष बोला

### नीट मामले पर चर्चा कराए सरकार




**नई दिल्ली (भाषा)।** विपक्षी नेताओं ने राजधानी में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किए जाने को लेकर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सरकार को अहंकार छोड़कर उनसे बात करनी चाहिए तथा संसद में भी नीट पेपर लीक के मामले पर चर्चा करनी चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संसद देश के बच्चों की है और किसी की जागीर नहीं है। संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये देश के बच्चे हैं, देश के भविष्य हैं। यह संसद उनकी है, किसी की जागीर नहीं है।" उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बड़े मुद्दों पर चर्चा से भाग रही है और छात्रों पर आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं तथा उनकी पिटाई की जा रही है। प्रियंका गांधी ने कहा, "कई समस्याएं, बड़े-बड़े मुद्दे हैं, उन पर चर्चा के लिए (सरकार) राजी नहीं है। बच्चों पर आंसू गैस के गोले दाग रहे हैं।

## बिहार के भागलपुर का मामला

# दंपति कोविड संक्रमित, आसपास के लोगों की स्वास्थ्य जांच के निर्देश

देश में कोरोना के आरएफ.5 वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता



एजेंसी ▶▶ भागलपुर

बिहार के भागलपुर जिले में दंपति के कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, कोविड-19 संक्रमण की आशंका के कारण रविवार को भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) में भर्ती कराए गए 65 वर्षीय व्यक्ति की आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की 55 वर्षीय पत्नी भी संक्रमित पाई गईं। अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि 'जेएलएनएमसीएच में भर्ती 65 वर्षीय मरीज और उनकी 55 वर्षीय पत्नी, दोनों में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही जिले में कोविड-19 के पुष्ट मामलों की संख्या दो हो गई है।"

### मुंबई और आंध्र प्रदेश में आए केस

भारत में कोविड-19 फिर सुर्खियों में है। मुंबई और आंध्र प्रदेश में फिलहाल कोरोना को लेकर सबसे ज्यादा हलचल देखी जा रही है। आंध्र प्रदेश में अब तक 16 में से 12 मामले 16 जुलाई तक सामने आए थे। यहां चार लोगों के पॉजिटिव सैंपल में ओमिक्रॉन के आरएफ.5 वैरिएंट की पहचान की गई है।ओमिक्रॉन के इस सब-वेरिएंट के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। लैब में नए वेरिएंट की हुई जांच में पुष्टि की गई है।

### पंजाब: नवविवाहित दंपति ने आत्महत्या की

**होशियारपुर (भाषा)।** पंजाब के बस्सी मारूफ गांव के पास एक नहर में कूदकर नवविवाहित दंपति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जांच अधिकारियों को पता चला है कि घटना से पहले दोनों के बीच कथित तौर पर कहासुनी हुई थी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। हरिआना के थाना प्रभारी उपनिरीक्षक किरण सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान शहनाज और उसके पति राशिद के तौर पर हुई है जिनकी उम्र करीब 25 साल थी। घटना रविवार शाम को हुई। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह नहर से शहनाज का शव बरामद हुआ जबकि तलाशी अभियान के बाद गोताखोरों की मदद से दोपहर में राशिद का शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि हाल में दोनों की शादी हुई थी और वे उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के रहने वाले थे। दंपति के बीच कथित तौर पर कहासुनी हुई थी।

■ घटना से पहले दोनों में हुई थी कहासुनी

## कर्नाटक में जिपलाइन राइड के दौरान सेफ्टी लॉक खुला

# पर्यटक की बची जान, 40 फीट नीचे गिरा, हाथ-पैरों में फ्रैक्चर

एजेंसी ▶▶ कन्नड़ (कर्नाटक)

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के एक एडवेंचर रिजॉर्ट में जिपलाइन राइड के दौरान सेफ्टी लॉक हवा में खुल गया। इससे पर्यटक करीब 40 फीट नीचे गिर गया। यह पूरी घटना मौके पर मौजूद लोगों के कैमरे में कैद हो गई।

पर्यटक की पहचान विजयपुरा निवासी कुबेर सुरपुर के रूप में हुई है। हादसे में कुबेर के हाथ और पैरों में कई फ्रैक्चर हुए हैं। इसके अलावा उन्हें नसों में भी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### परिवार ने प्रबंधन पर आरोप लगाए



हादसे के बाद कुबेर के परिवार ने रिजॉर्ट प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया और जवाबदेही तय कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जिपलाइन का सेफ्टी लॉक हवा में ही खुल गया, जिससे यह हादसा हुआ। परिजनों का यह भी आरोप है कि जिपलाइन में जंग लगा हुआ था और उसका सही तरीके से रखरखाव नहीं किया गया था। उनका कहना है कि यदि समय पर उपकरणों की जांच और रखरखाव किया गया होता, तो यह हादसा टाला जा सकता था। रिसॉर्ट मैनेजर ने स्वीकार किया है कि जिपलाइन दुर्घटना हुई थी।

## दो बिल्डरों पर आयकर विभाग का शिकंजा

# 200 करोड़ की अघोषित आय व 80 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा

**रांची।** आयकर विभाग की रांची के दो बड़े रियल इस्टेट कारोबारी पानस रियल्टर्स व दयानंद मोदी समूह के विरुद्ध सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। आयकर विभाग ने सर्वे के दौरान दोनों ही समूह के विरुद्ध 200 करोड़ की अघोषित आय अर्जित करने की जानकारी जुटाई है। जमीन मालिक व बिल्डर ने मिलकर बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है। जमीन मालिक व बिल्डर ने ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रिमेंट टैक्स के रूप में करीब 80 करोड़ रुपये की टैक्स की चोरी की है। आयकर अधिनियम के तहत जमीन मालिक व बिल्डर के बीच कन्वर्जन को लेकर एग्रिमेंट बनता है। अगर जमीन मालिक कंपनी है तो एग्रिमेंट के साथ ही उसे तत्काल उसी वक्त कर का भुगतान करना होता है। सर्वे में इस अधिनियम के उल्लंघन का खुलासा हुआ है। इस मद में करीब 80 करोड़ की टैक्स चोरी सामने आई है, जिसकी वसूली के लिए आयकर विभाग अब कानूनी कार्रवाई करेगा। तीन दिनों तक सर्वे के दौरान आयकर विभाग ने उपरोक्त जानकारी जुटाई है।

■ विभाग ने तीन दिनों तक आरोपितों के ठिकाने खंगाले

# टीएमसी के बैंक अकाउंट में जमा 440 करोड़ फ्रीज रहेंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट को सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने पार्टी के उन 3 बैंक खातों के संचालन की अंतरिम अनुमति देने से इनकार कर दिया, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्रीज (जब्त) कर रखा है।

अब ममता बनर्जी गुट इन खातों से संगठनात्मक या चुनावी खर्च के लिए पैसे निकाल नहीं पाएगा। इन तीन बैंक अकाउंट्स में 440 करोड़ जमा हैं। ईडी की यह कार्रवाई राज्य पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई वित्तीय जांच के बाद की गई थी। प्राथमिकी में बेईमानी से वित्तीय लेन-देन करने, गैर-कानूनी तरीके से भारी धन जुटाने और पार्टी के बैंक खातों का उपयोग करके संदिग्ध कोष की हेराफेरी (मनी लॉन्ड्रिंग) करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में दोनों पक्षों (ममता गुट और ईडी) की विस्तृत दलीलें पूरी होने के बाद, कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने 13 जुलाई को अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था। आदेश सोमवार को सुनाया गया।



ममता को नहीं मिली राहत, कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला

## इंदौर में बुजुर्ग महिला ने अनजाने में कूडा गाड़ी में फेंक दिया था

# सैकड़ों टन कचरा छानकर ढूंढा चांदी का कलश

भाषा ▶▶ इंदौर

घास के ढेर में सुई खोजने वाली कहावत तो आपने सुनी होगी, लेकिन देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में नगर निगम के कर्मचारियों ने कचरे के कई टन वजनी ढेर में दबे चांदी के एक कलश को खोजकर इसे हकीकत में बदल दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि राजेंद्र नगर क्षेत्र के एक परिवार की बुजुर्ग महिला ने 18 जुलाई को अपने घर के कचरे के साथ अनजाने में वह थैली भी नगर निगम के अपशिष्ट संग्रहण वाहन में डाल दी जिसमें चांदी का करीब दो किलोग्राम वजनी कलश रखा था। उन्होंने बताया कि थैली बंद थी और कचरे की दूसरी थैलियों के बीच रखी थी, इसलिए नगर निगम के किसी भी कर्मचारी को महिला की गलती का अंदाजा नहीं हुआ। महिला के घर में जब कलश नहीं मिला, तो उसके परिवार के होश उड़ गए क्योंकि यह पुश्तैनी धरोहर के रूप में सहेजकर रखा गया था और इसे पूजा-पाठ में इस्तेमाल किया जाता था।



*2 किलो का पुश्तैनी चांदी का कलश था*

### लालबाग से नेपरा ट्रेंचिंग ग्राउंड तक खोजबीन

पार्षद ने तुरंत वार्ड 80 के कचरा वाहन चालक और दरोगा से संपर्क किया। तब तक वार्ड से निकला कचरा पहले लालबाग ट्रेंचिंग ग्राउंड और वहां से आगे नेपरा ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जा चुका था। सैकड़ों टन कचरे के बीच से एक लोटा ढूंढना चुनौतीपूर्ण काम था, लेकिन निगम अमले ने इसे जिम्मेदारी से लिया। शुक्रवार रात से शुरू हुआ यह तलाशी अभियान शनिवार सुबह तक जारी रहा। शनिवार सुबह 10 बजे निगमकर्मियों ने कचरे के ढेर में दबा वह चांदी का लोटा ढूंढ निकाला। शनिवार को लोटा सुरक्षित मिलने के बाद रविवार को इसे वापस पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया।

## एशिया का सबसे बड़ा मार्बल अपशिष्ट निपटान स्थल बना

# राजस्थान का किशनगढ़ बन गया प्रदूषण का 'हॉटस्पॉट'

### पीएम 2.5' का स्तर सीमा से 20 से 50 गुना अधिक मिला

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान के किशनगढ़ स्थित एशिया का सबसे बड़ा मार्बल (संगमरमर) अपशिष्ट निपटान स्थल "प्रदूषण का प्रमुख केंद्र" बन गया है जबकि यह क्षेत्र एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

इस जगह पर 'पीएम 2.5' का स्तर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की निर्धारित सीमा से 4 से 12 गुना और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अनुशंसित सीमा से 20 से 50 गुना अधिक पाया गया है। एक नए शोध में यह जानकारी सामने आई है।

70 प्रतिशत मार्बल उद्योग के श्रमिकों ने सांस लेने में कठिनाई



### राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने किया शोध

यह शोध राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है। यह पहला वैज्ञानिक शोध है, जो साफ-सुथरा दिखाई देने वाले मार्बल अपशिष्ट निपटान स्थल के खतरनाक पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों का दस्तावेजीकरण किया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले राजस्थान केंद्रीय विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रोफेसर लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि यह पहला अध्ययन है, जिसमें मार्बल अपशिष्ट निपटान स्थान के 15 किमी के दायरे में सिंचित और वर्षा आधारित कृषि भूमि, भूजल और वायु गुणवत्ता का आकलन किया गया।

### परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से विश्लेषण किया

परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से प्रदूषकों की सांद्रता और एक्स-रे विवर्तन विश्लेषण के माध्यम से प्रदूषण के खनिजीय स्वरूप का अध्ययन किया गया। एएएस तकनीक के जरिए मिट्टी और पानी में मौजूद धातुओं तथा अन्य प्रदूषकों की मात्रा का पता लगाया जाता है। मार्बल की धूल के लगातार संपर्क का संबंध पर्यावरणीय क्षरण और लोगों द्वारा बताई गई स्वास्थ्य समस्याओं से हो सकता है।

■ प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि पीएम 2.5 का स्तर सीपीसीबी की सीमा से 4 से 12 गुना और डब्ल्यूएचओ की अनुशंसित सीमा से 20 से 50 गुना अधिक पाया गया।

■ सर्वेक्षण में 53 प्रतिशत निवासियों और 70 प्रतिशत मार्बल उद्योग के श्रमिकों ने सांस लेने में कठिनाई की शिकायत की, जबकि 56 से 84 प्रतिशत लोगों ने गले से जुड़ी समस्याओं के बारे में बताया।"

■ अध्ययन के दौरान आसपास की मिट्टी और भूजल में भारी धातुएं पाई गईं और उनकी सांद्रता अपशिष्ट निपटान स्थान से दूरी बढ़ने के साथ घटती गई। यह पैटर्न दर्शाता है मार्बल अपशिष्ट स्थानीय स्तर पर भारी धातु प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है।

## चिंतन

# वार्ता से ही निकलेगा सुलह का रास्ता

परीक्षाओं में कथित धांधली के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और छात्रों के 'चलो संसद' मार्च के दौरान पैदा हुए तनाव के बाद जिस प्रकार केंद्र सरकार ने बातचीत की पहल की और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई, उसके बाद अभिजीत दीपके द्वारा अनशन समाप्त करने का निर्णय एक सकारात्मक संकेत माना जा सकता है।नड्डा ने प्रदर्शनकारी प्रतिनिधियों से उनकी मांगों पर चर्चा की। बातचीत में सोनम वांगचुक की रिहाई, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग सहित परीक्षा प्रणाली में सुधार जैसे मुद्दे उठाए गए। यह पहल संकेत देती है कि लंबे गतिरोध का समाधान टकराव के बजाय संवाद और सहमति के माध्यम से तलाशने की कोशिश की जा रही है। हालांकि यह भी सच है कि हा मुद्दे का समाधान वार्ता से ही निकलता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यहां नागरिकों को अपनी बात रखने, सरकार से सवाल पूछने और अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से उठाने का संवैधानिक अधिकार है। यही अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को जीवंत बनाते हैं। दूसरी ओर, सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की होती है। इसलिए जब भी किसी आंदोलन और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बनती है, तब दोनों पक्षों से संयम और जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है। सरकार द्वारा प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए आमंत्रित करना और आंदोलनकारियों द्वारा बातचीत का रास्ता स्वीकार करना इस दिशा में एक सकारात्मक शुरुआत है। इससे यह संदेश जाता है कि लोकतंत्र में असहमति के बावजूद संवाद के द्वार कभी बंद नहीं होने चाहिए। यदि दोनों पक्ष पूर्वाग्रह छोड़कर समाधान की भावना से आगे बढ़ें तो कई ऐसे विवाद भी सुलझ सकते हैं जो सड़क पर लंबे गतिरोध का कारण बन जाते हैं। अब आवश्यकता केवल आश्वासन तक सीमित रहने की नहीं है। सरकार को परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए ठोस सुधार लागू करने होंगे। वहीं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवाओं और आयोजकों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी आवाज रचनात्मक सुझावों के साथ आगे बढ़े और आंदोलन का स्वरूप शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक बना रहे। इससे उनकी मांगों को अधिक व्यापक समर्थन भी मिलेगा और समाधान की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। वहीं, कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सभी मसलों को मिल बैठकर सुलझाना ही प्राथमिकता होना चाहिए। वहीं, विपक्ष का दायित्व केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक सुझाव देना और समाधान की दिशा में सहयोग करना भी है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर रखकर देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसका सीधा संबंध देश के युवाओं और भविष्य से है। अंततः यह घटनाक्रम एक महत्वपूर्ण सीख देता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सड़क पर उतरना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन स्थायी समाधान हमेशा संवाद की मेज पर ही निकलता है। टकराव क्षणिक सुर्खियां दे सकता है, पर विश्वास और सहमति केवल बातचीत से ही बनती है।



## मुद्दा
कांतिलाल मांडोत

# आंदोलन की आड़ में राजनीति अनुचित

> परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर दिल्ली में आयोजित 'चलो संसद' मार्च ने शिक्षा सुधार के मुद्दे के साथ-साथ आंदोलनों की प्रकृति और उनकी राजनीतिक भूमिका पर भी नई बहस छेड़ दी है। जंतर-मंतर से संसद की ओर बढ़ते प्रदर्शन, पुलिस के साथ टकराव और विपक्षी दलों की सक्रिय मौजूदगी ने यह सवाल खड़ा किया कि क्या यह केवल छात्रों की आवाज थी या फिर राजनीतिक दलों के लिए सरकार को घेरने का अवसर भी। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सर्वोपरि है, लेकिन उसकी विश्वसनीयता तभी बनी रहती है जब वह जनहित, संयम, संवाद और संवैधानिक मर्यादाओं के दायरे में आगे बढ़े।

दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद तक निकाले गए तथाकथित चलो संसद मार्च ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या देश में हर आंदोलन वास्तव में जनहित के लिए होता है या फिर कुछ आंदोलन केवल राजनीतिक उद्देश्य साधने के लिए खड़े किए जाते हैं। सोनम वांगचुक के अनशन और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन को जिस तरह से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने खुलकर समर्थन दिया, उससे यह आंदोलन एक स्वतंत्र जनआंदोलन कम और विपक्षी दलों के राजनीतिक मंचन का प्रयास अधिक दिखाई दिया। जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकालने की कोशिश के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया, कई लोग संसद मार्ग की ओर बढ़े और कुछ प्रदर्शनकारी मेट्रो स्टेशनों तक पहुंच गए, जहां नारेबाजी भी हुई। ऐसे समय में जब संसद का सत्र चल रहा हो और राजधानी में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो, तब बिना अनुमति संसद की ओर मार्च निकालना स्वाभाविक रूप से कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन जाता है। शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार संविधान देता है, लेकिन उसके साथ कानून का पालन करना भी उतना ही आवश्यक है। लोकतंत्र अधिकार और जिम्मेदारी दोनों के संतुलन पर ही चलता है।

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना नागरिकों का अधिकार है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन संसद, राष्ट्रपति भवन या अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगते हैं, तब प्रशासन के सामने सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है। इसलिए यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि प्रदर्शनकारी और प्रशासन दोनों संयम बरतें। यदि कहीं अनावश्यक बल प्रयोग हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, वहीं यदि कानून तोड़ने का प्रयास हुआ है तो उसके लिए भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक ध्यान खींचने वाली बात यह रही कि मंच पर और प्रदर्शन में कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। मनीष सिसोदिया, आतिशी, संजय सिंह और अन्य विपक्षी नेताओं की मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि आंदोलन अब शिक्षा सुधार की मांग से आगे बढ़कर राजनीतिक रंग ले चुका है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि यह वास्तव में छात्रों का आंदोलन था तो फिर विपक्षी दलों की इतनी सक्रिय भूमिका क्यों दिखाई दी। लोकतंत्र में राजनीतिक समर्थन असामान्य नहीं है, लेकिन जब किसी आंदोलन की पहचान उसके मूल मुद्दे से अधिक राजनीतिक दलों की उपस्थिति से होने लगे, तो उसके स्वरूप पर चर्चा होना भी स्वाभाविक है। पेपर लीक का मुद्दा निश्चित रूप से गंभीर है और किसी भी परीक्षा में अनियमितता होने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है। प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य से जुड़ी होती हैं और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। इसलिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, परीक्षा प्रक्रिया में तकनीकी



सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। लेकिन पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था को विफल घोषित कर देना या हर परीक्षा को संदेह के घेरे में खड़ा कर देना भी उचित नहीं कहा जा सकता। लाखों विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम के बाद परीक्षाएं दीं और बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का प्रमाण दिया। ऐसे में यह कहना कि पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, उन लाखों ईमानदार विद्यार्थियों की मेहनत का भी अपमान माना जा सकता है। सुधार की आवश्यकता स्वीकार करना और पूरे तंत्र को असफल घोषित कर देना दोनों अलग-अलग बातें हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी लगातार शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रही हैं। विपक्ष का यह अधिकार भी है और लोकतंत्र में उसकी जिम्मेदारी भी। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि देश की शिक्षा व्यवस्था का बड़ा हिस्सा दशकों तक उन्हीं सरकारों के अधीन विकसित हुआ, जिनका नेतृत्व कांग्रेस ने किया। यदि आज विपक्ष शिक्षा सुधार की बात करता है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए उसने कौन-सी ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की थीं जो भविष्य की चुनौतियों का समाधान कर सकें। लोकतांत्रिक बहस तब अधिक प्रभावी होती है जब उसमें आत्ममंथन भी शामिल हो। यह भी देखने योग्य है कि इस पूरे आंदोलन में अभिजीत दीपके को प्रमुख चेहरा बनाया गया, जबकि राजनीतिक समर्थन विपक्षी दलों की ओर से प्रमुखता से दिखाई दिया। इससे ऐसी धारणा बनी कि आंदोलन का सामाजिक पक्ष धीरे-धीरे राजनीतिक रणनीति के साथ जुड़ गया। किसी भी जनआंदोलन की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्वतंत्रता और विश्वसनीयता होती है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि आंदोलन किसी राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन गया है, तो उसके मूल उद्देश्य पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठने लगते हैं। देश इस समय आधारभूत संरचना, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, परिवहन, विनिर्माण और वैश्विक कूटनीति जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने का दावा कर रहा है। भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और आर्थिक संभावनाओं पर दुनिया की नजर है। ऐसे समय में सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ उसकी कमियों पर भी चर्चा होनी चाहिए। लेकिन आलोचना तथ्यों, प्रमाणों और रचनात्मक सुझावों पर आधारित होनी चाहिए। केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से न तो शिक्षा व्यवस्था सुधरेगी और न ही विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान होगा। यह भी आवश्यक है कि सरकार ऐसे आंदोलनों को केवल राजनीतिक चुनौती मानकर खारिज न करे। यदि छात्रों और युवाओं के बीच किसी विषय को लेकर असंतोष है तो उसके कारणों को समझना और समाधान निकालना भी सरकार की जिम्मेदारी है। संवाद किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति होता है। जहां संवाद समाप्त होता है, वहीं टकराव शुरू होता है। इसलिए सरकार और प्रदर्शनकारियों—दोनों को संवाद का रास्ता खुला रखना चाहिए। आज जरूरत केवल विरोध या समर्थन की राजनीति करने की नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने की है। परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय हो, डिजिटल सुरक्षा मजबूत की जाए, पेपर लीक मामलों की समयबद्ध जांच हो और दोषियों को शीघ्र सजा मिले। इससे विद्यार्थियों का भरोसा मजबूत होगा और आंदोलन की आवश्यकता भी कम पड़ेगी। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है। वह समय के साथ यह तय करती है कि कौन-सा आंदोलन वास्तविक जनहित से प्रेरित है और कौन-सा राजनीतिक लाभ की संभावना से। शिक्षा सुधार पर गंभीर चर्चा अवश्य होनी चाहिए, लेकिन उसके लिए रचनात्मक संवाद, संस्थागत सुधार और ठोस नीति आवश्यक है, न कि केवल सड़क पर शक्ति प्रदर्शन।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## निर्णायक कदम
महेन्द्र तिवारी



# शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारतीय रेलवे का सफर

भारतीय रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्कों में से एक है। अपनी स्थापना के समय से लेकर आज तक भारतीय रेलवे ने समय के साथ अपनी तकनीक और कार्यप्रणाली में कई बड़े और परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। कोयले से चलने वाले भाप इंजनों से लेकर डीजल और फिर व्यापक विद्युतीकरण तक का सफर रेलवे की निरंतर तकनीकी प्रगति को दर्शाता है। इसी विकास यात्रा में अब एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। भारत ने अपनी पहली हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन का सफलतापूर्वक संचालन शुरू कर दिया है। नमो ग्रीन रेल के नाम से जानी जाने वाली यह अत्याधुनिक ट्रेन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच पटरियों पर उतरी है। यह केवल एक नई ट्रेन का उद्घाटन मात्र नहीं है बल्कि यह ऊर्जा के स्वच्छ विकल्पों की ओर भारत के एक बड़े और निर्णायक कदम का प्रतीक है। इस ट्रेन का निर्माण रेलवे की चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया गया है जो भारत की आत्मनिर्भरता और इंजीनियरिंग क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है। इस ट्रेन के स्वरूप और क्षमता की बात करें तो इसमें दो विशेष रूप से डिजाइन की गई हाइड्रोजन ड्राइविंग पावर कार और आठ वातानुकूलित यात्री कोच शामिल किए गए हैं। अपनी पूरी क्षमता के साथ यह ट्रेन एक बार में लगभग छब्बीस सौ यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित और सुगमता से पहुंचाने में सक्षम है। गति के मोर्चे पर भी यह ट्रेन काफी उन्नत है। हालांकि इसकी अधिकतम डिजाइन गति एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है, लेकिन वर्तमान प्रायोगिक चरण में इसे पचहत्तर किलोमीटर प्रति घंटे की सुरक्षित रफ्तार से संचालित किया जा रहा है। यह हाइड्रोजन ट्रेन अपनी बिजली खुद बनाती है। ट्रेन की छतों या विशेष डिब्बों में उच्च दबाव वाले मजबूत टैंक लगे होते हैं जिनमें हाइड्रोजन गैस सुरक्षित रूप से भरी होती है। यह गैस ट्रेन में लगे अत्याधुनिक फ्यूल सेल के भीतर जाती है। वहां यह गैस वायुमंडल से खींची गई ऑक्सीजन के साथ एक इलेक्ट्रो रासायनिक प्रतिक्रिया करती है। इस पूरी रासायनिक प्रक्रिया के परिणामस्वरूप भारी मात्रा में बिजली पैदा होती है और यही वह बिजली है जो ट्रेन की भारी भरकम मोटरों को चलाकर उसे पटरियों पर आगे बढ़ाती है। इस पूरी प्रक्रिया का सबसे खूबसूरत और पर्यावरण के अनुकूल पहलू यह है कि इसमें कोई हानिकारक धुआं या कार्बन गैस वातावरण में नहीं घुलती है। जींद रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन में गैस भरने के लिए एक विशेष रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाया गया है जो इंजीनियरिंग का एक जटिल नमूना है। भविष्य में अगर इन ट्रेनों को पूरे देश में चलाना है तो ऐसे सैकड़ों स्टेशन बनाने होंगे। इसके लिए हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बड़े पैमाने पर बढ़ाना होगा और उसे सुरक्षित रूप से देश के कोने कोने तक ले जाने के लिए विशेष टैंकरों की व्यवस्था करनी होगी। भंडारण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना इस तकनीक का विस्तार संभव नहीं है। जब तक हाइड्रोजन के उत्पादन से लेकर उसके अंतिम वितरण तक का एक सस्ता और सुलभ तंत्र पूरी तरह से विकसित नहीं हो जाता तब तक इस तकनीक का व्यावसायिक रूप से पूरे भारत में विस्तार करना एक बड़ी आर्थिक और व्यावहारिक चुनौती बनी रहेगी। रखरखाव और सुरक्षा के मामले में भी यह नई तकनीक रेलवे के कर्मचारियों के लिए एक बिल्कुल नया अनुभव और चुनौती लेकर आई है। डीजल इंजनों के भारी भरकम यांत्रिक पुर्जों और तेल से अलग इस ट्रेन का रखरखाव मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक और रासायनिक प्रणालियों की सटीकता पर निर्भर करता है। हाइड्रोजन गैस बहुत ही अधिक ज्वलनशील होती है इसलिए इसके जरा से भी रिसाव का पता लगाने के लिए ट्रेन के चप्पे चप्पे पर अति संवेदनशील सेंसर लगाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वचालित प्रणालियां स्थापित की गई हैं। इन सब अत्याधुनिक उपकरणों की नियमित जांच और मरम्मत के लिए भारतीय रेलवे को अपने तकनीकी कर्मचारियों और इंजीनियरों को सिरे से नया प्रशिक्षण देना होगा ताकि सुरक्षा मानकों के साथ किसी भी स्तर पर कोई समझौता न हो सके। संक्षेप में कहा जाए तो भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन केवल धातु और तारों से बनी कोई सामान्य मशीन नहीं है बल्कि यह भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की एक स्पष्ट झलक है। जींद और सोनीपत के बीच चल रही यह प्रायोगिक ट्रेन अगर लागत समय की पाबंदी और सुरक्षा के कड़े पैमानों पर पूरी तरह से खरी उतरती है तो आने वाले कुछ ही वर्षों में हम हर कोने में ऐसी ट्रेनें दौड़ते हुए देख सकेंगे। यह न केवल भारतीय रेलवे का चेहरा हमेशा के लिए बदल देगी बल्कि पूरी दुनिया को भी एक स्वच्छ सुरक्षित और टिकाऊ परिवहन का रास्ता दिखाएगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शांति से दुखों को किया जा सकता है खत्म



संकलित

## दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए। सावधानी के साथ प्रेम का व्यवहार शांति के मार्ग को निष्कंटक करेगा।

# बल प्रयोग अंतिम विकल्प



संकलित

## प्रेरणा

एक चिड़िया का एक दाना पेड़ के कंदरे में कहीं फंस गया था। चिड़िया ने पेड़ से बहुत अनुरोध किया उस दाने को दे देने के लिए लेकिन पेड़ उस छोटी सी चिड़िया की बात भला कहां सुनने वाला था। हार कर चिड़िया बढ़ई के पास गई और उसने उससे अनुरोध किया कि तुम उस पेड़ को काट दो, क्योंकि वो उसका दाना नहीं दे रहा। भला एक दाने के लिए बढ़ई पेड़ कहां काटने वाला था। फिर चिड़िया राजा के पास गई और उसने राजा से कहा कि तुम बढ़ई को सजा दो क्योंकि बढ़ई पेड़ नहीं काट रहा और पेड़ दाना नहीं दे रहा। राजा ने उस नन्हीं चिड़िया को डांट कर भगा दिया कि कहां एक दाने के लिए वो उस तक पहुंच गई है। चिड़िया हार नहीं मानने वाली थी। वो महावत के पास गई कि अगली बार राजा जब हाथी की पीठ पर बैठेगा तो तुम उसे गिरा देना। चिड़िया आखिर में चींटी के पास गई और वही अनुरोध दोहराकर कहा कि तुम हाथी की सूंढ़ में घुस जाओ। चींटी ने चिड़िया से कहा, चल भाग यहां से...बड़ी आई हाथी की सूंढ़ में घुसने को बोलने वाली। अब तक अनुरोध की मुद्रा में रही चिड़िया ने रौद्र रूप धारण कर लिया। उसने चींटी से कहा तुझे तो अपनी चोंच में डाल कर खा ही सकती हूँ। चींटी डर गई...भाग कर राजा के पास पहुंची। राजा ने फौरन बढ़ई को बुलाया उससे कहा कि पेड़ काट दो नहीं तो सजा दूंगा। बढ़ई को देखते ही पेड़ बिलबिला उठा कि मुझे मत काटो। मैं चिड़िया को दाना लौटा दूंगा...! अंत में चिड़िया ने अपना दाना पेड़ से प्राप्त कर लिया और वो खुशी खुशी अपने घोंसले में चली गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### घुसपैठ पर निर्णायक प्रहार का समय

भारत की सीमाओं की सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता और आंतरिक स्थिरता से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण विषय है। लंबे समय से बांग्लादेश और म्यांमार की सीमाओं से होने वाली अवैध घुसपैठ देश के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। यह समस्या केवल अवैध रूप से देश में प्रवेश करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ फर्जी दस्तावेज, मानव तस्करी, हवाला, नशीले पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का जाल भी जुड़ जाता है। इसलिए इस चुनौती से निपटने के लिए अब आधे-अधूरे नहीं, बल्कि निर्णायक कदम उठाने का समय आ गया है। केंद्र सरकार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय बदलावों का अध्ययन कराना, सीमा पर बाड़ लगाने की गति तेज करना और घुसपैठ रोकने के उपायों की समीक्षा बढ़िया कदम हैं। – **प्रतीक शर्मा, कैथल**

## ट्रेंड

### युवा इतिहास रच रहे



युवा आज इतिहास रच रहे हैं। नए स्टार्टअप अंतरिक्ष तक पहुंचे हैं। मुझे बताया गया कि स्काईरूट कंपनी की जिस टीम ने यह कारनामा कर दिखाया है। उनकी औसत उम्र 28 साल है। हालांकि मैं किसी 56 साल के युवा की बात नहीं कर रहा। **-नरेंद्र मोदी**, पीएम

### बटुकेश्वर दत्त को नमन




महान स्वाधीनता सेनानी एवं अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने भगत सिंह जी के साथ केंद्रीय विधानसभा में बम फेंककर अंग्रेजों के अन्याय के विरुद्ध पूरे देश में आजादी की अलख जलाई। कठोर यातनाएँ सहकर भी स्वाधीनता के संकल्प को अडिग रखा। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

### पीएम मोदी युवा विरोधी



प्रधानमंत्री मोदी भारत के इतिहास के सबसे युवा-विरोधी प्रधानमंत्री हैं। वह इतने युवा-विरोधी हैं कि एक नाकाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी नहीं ले सकते। 152 पेपर लीक की घटनाओं से 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए, लेकिन किसी दोषी को सजा नहीं मिली। **-राहुल गांधी**, नेता विपक्ष

### हमारी मांग स्पष्ट



हमारी मांग स्पष्ट है, जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। यह हमारी जायज मांग है और हमारा वैध अधिकार है। हम इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह से गंभीर हैं। केंद्र सरकार को हमारी मांग पूरी करनी होगी। **-फारूक अब्दुल्ला**, पूर्व सीएम, जम्मू-कश्मीर

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला के प्रकोप से अब तक 930 लोगों की मौत


कांगो में इबोला के प्रकोप से कम से कम 930 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 37 लोगों की मौत शुक्रवार से शनिवार के बीच 24 घंटे के दौरान हुई। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शनिवार तक इबोला के 2,344 मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें से 930 मरीजों की मौत हो चुकी है। पूर्वी कांगो में इबोला के प्रकोप की घोषणा 15 मई को की गई थी। यह रिकॉर्ड में, सबसे तेजी से फैलने वाला इबोला प्रकोप बन गया है। इस प्रकोप के लिए जिम्मेदार बंडिबुग्यो वायरस, इबोला बीमारी फैलाने वाले अन्य वायरस की तुलना में कम पाया जाता है और इसके लिए फिलहाल कोई मंजूरी प्राप्त टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है। इबोला अत्यधिक संक्रामक बीमारी है और यह जंगली जानवरों से मनुष्यों में फैल सकती है। यह बीमारी कई मामलों में जानलेवा साबित होती है। मौत के आंकड़ों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण सबसे अधिक प्रभावित प्रांत 'इतुरी' में राहत और बचाव अभियान पर असर पड़ा है। कुल पांच प्रांत प्रभावित हुए हैं और ये सभी पूर्वी इलाके में हैं, जहां विद्रोहियों का बोलबाला है।



## ऑफ बीट

# ग्रीक फायर: रोमन साम्राज्य का सबसे विनाशकारी हथियार

आधुनिक काल के सामूहिक विनाश के हथियारों से बहुत पहले एक ऐसा हथियार था, जिसे 'ग्रीक फायर' (इग्निस ग्रेकस) के नाम से जाना जाता है। ग्रीक फायर का सूत्र इतना गोपनीय रखा गया था कि 1453 में बीजान्टिन साम्राज्य के ओटोमन साम्राज्य के हाथों पतन के साथ ही इसका रहस्य भी हमेशा के लिए खो गया। तब से लेकर आज तक अनेक रसायनविद, इतिहासकार, वैज्ञानिक और प्रायोगिक पुरातत्वविद इस रहस्यमयी हथियार का वास्तविक सूत्र जानने की कोशिश करते रहे हैं। ग्रीक फायर एक ज्वलनशील तरल पदार्थ था, जिसे बीजान्टिन युद्धपोतों के अगले हिस्से पर लगी पीतल या कांसे की नली (साइफन) के माध्यम से दुश्मन के जहाजों पर फेंका जाता था। यह तरल जिस सतह पर गिरता, उससे चिपक जाता था। यहां तक कि पानी पर भी यह जलता रहता था और उसे बुझाना लगभग असंभव था। नेपाम (नैप्थालीन और नारियल के तेल से बना पदार्थ) की तरह काम करने वाला यह हथियार बीजान्टिन नौसेना को अपने दुश्मनों पर बड़ा सामरिक लाभ देता था। सातवीं शताब्दी में उभरती हुई अरब शक्ति की समुद्री ताकत ने बीजान्टिन साम्राज्य के सामने नयी चुनौतियां खड़ी कर दी थीं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# लगातार दूसरी बार एमबाप्पे के नाम गोल्डन बूट, रौड्री सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

## स्पेन के गोलकीपर युनाइ सिमोन ने जीता 'गोल्डन ग्लव' पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे लगातार दो विश्व कप में 'गोल्डन बूट' जीतने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 'गोल्डन बॉल' पुरस्कार लियोनेल मेस्सी को नहीं बल्कि स्पेन के कप्तान रौड्री को मिला।

स्पेन ने अर्जेंटीना का लगातार दूसरा विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा और उसके कप्तान रौड्री ने मेस्सी को व्यक्तिगत पुरस्कार से भी वंचित कर दिया। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का 'गोल्डन ग्लव' पुरस्कार टूर्नामेंट में महज एक गोल गंवाने वाले स्पेन के युनाइ सिमोन ने जीता जबकि स्पेन के ही पाउ कुबारासी ने अपनी ही टीम के लामिन यमाल को पछाड़कर सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। फाइनल में अर्जेंटीना को स्पेन ने एक गोल से हरा दिया और लियोनेल मेस्सी एक भी गोल नहीं कर सके।


स्पेन कप्तान रौड्री

### स्पेन के कप्तान रौड्री ने जीता गोल्डन बॉल का खिताब

मेस्सी को रिकॉर्ड तीसरी बार 'गोल्डन बॉल' मिलने की उम्मीद थी, जो दो बार यह पुरस्कार जीत चुके हैं। 39 वर्ष की उम्र में लगातार दूसरी बार अर्जेंटीना को फाइनल तक ले जाने के कारण उनका दावा मजबूत भी था लेकिन स्पेन को 2010 के बाद दूसरा खिताब दिलाने वाले कप्तान रौड्री को चुना गया। मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर रौड्री ने टूर्नामेंट में कोई गोल नहीं किया लेकिन मिडफील्ड में पासिंग और गेंद पर नियंत्रण के कारण स्पेन की जीत के सूत्रधार रहे। वह युएफा चैंपियंस लीग, बलोन डिओर और विश्व कप जीतने वाले 11वें पुरुष खिलाड़ी बने।

## अर्जेंटीना के गोलकीपर मार्टिनेज ने बनाया रिकॉर्ड

अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने अपने साथियों की अधीरता के विपरीत बेहद धैर्य से काम लिया और यही वजह थी कि वह स्पेन के खिलाफ विश्व कप के फाइनल में 11 बचाव करने में सफल रहे, जो टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले का नया रिकॉर्ड है। लेकिन आखिर में एक मौके पर उनकी भी नहीं चल पाई और स्पेन ने इस मौके का फायदा उठाकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। लेकिन अगर 2022 विश्व कप विजेता गोलकीपर मार्टिनेज ने प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं किया होता तो हार का अंतर इससे ज्यादा होता। उन्होंने अपने लंबे कद का अच्छा इस्तेमाल करके रिकॉर्ड 11 बचाव किए। स्पेन लगातार हमला करता रहा, लगातार शॉट मारता रहा और आखिरकार एक गोल करके बढ़त बना ली, जिससे स्टेडियम में जोरदार जश्न का माहौल छा गया। स्पेन के प्रशंसक नाचने लगे, एक-दूसरे को गले लगाने लगे और ताजपोशी से पहले झंडा लहराने लगे।



## फीफा प्रमुख इन्फेंटिनो ने तय की 60 हजार मील की दूरी

**न्यूयॉर्क।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने समाप्त हुए विश्व कप के दौरान लगभग 60 हजार मील की दूरी तय की और इस दौरान लगभग 115 घंटे विमान में बिताए। इन्फेंटिनो ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेले गए विश्व कप के दौरान तीन देशों के 16 शहरों का दौरा किया। उनकी यह यात्रा आखिर में अर्जेंटीना और स्पेन के बीच न्यू जर्सी में खेले गए फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त हुई। इन्फेंटिनो ने टूर्नामेंट के दौरान विश्व कप के 44 मैच देखे। उन्होंने विश्व कप के सभी 16 स्टेडियमों में कम से कम एक मैच जरूर देखा। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में उन्होंने सर्वाधिक पांच मैच देखे। फीफा प्रमुख ने 13 दिन दो-दो मैच देखे और वह भी ऐसे स्टेडियमों में, जो




सैकड़ों मील दूर स्थित थे। इस बीच उनके विमान ने 21 हवाई अड्डों से उड़ान भरी या उनमें उतरा। सेमीफाइनल तक उनके विमान ने 23 बार अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की। इन्फेंटिनो ने इस दौरान केवल मैच देखने के लिए एक शहर से दूसरे शहर जाने में 59,281 मील (95,403 किलोमीटर) की दूरी तय की। इनमें से 26 जून को 5,772 मील (9,289 किलोमीटर) तय की गई दूरी भी शामिल है। इसकी शुरुआत मियामी से डलास की सुबह की उड़ान से हुई। वहां से विमान सिएटल गया जहां इन्फेंटिनो ने मिस्र और ईरान का मैच देखा। उनका विमान उसी रात सिएटल से रवाना हुआ और अगली सुबह मियामी पहुंचा। इन्फेंटिनो ने वहां कोलंबिया और पुर्तगाल का मैच देखा।

### वर्ल्ड कप के बेहतरीन रिकॉर्ड

1. हैट्रिक मारने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी मेसी
2. नॉकआउट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने एम्बाप्पे
3. लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बनी स्पेन
4. स्पेन, एक सीजन में सबसे कम गोल खाने वाली टीम
5. एम्बाप्पे के वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत गोल
6. 6 विश्व कप में गोल करने वाले इकलौते खिलाड़ी बने रोनाल्डो
7. ग्रुप स्टेज में सबसे ज्यादा हुए 215 गोल
8. स्पेन टीम के लुइस डे ला फुएंते सबसे उम्रदराज मैनेजर
9. एक संस्करण में हुए सबसे ज्यादा 308 गोल
10. एम्बाप्पे बने लगातार दो गोल्डन बूट जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी
11. 78 वर्षीय कोच डिक ऐडवोकाट बने सबसे उम्रदराज कोच
12. मेसी और रोनाल्डो बने सबसे ज्यादा विश्व कप खेलने वाले खिलाड़ी
13. केप वर्डे बना विश्व कप खेलने वाला सबसे छोटा देश

### आखिरी मैच में बेनूर रहे मेस्सी

मेटलाइफ स्टेडियम में बैठे उनके समर्थकों के अलावा दुनिया के कोने-कोने में देर रात टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे करोड़ों प्रशंसकों की जुबां पर एक ही नाम था ..लियोनेल मेस्सी लेकिन विश्व कप में सुनहरे सफर के



आखिरी पड़ाव पर उनका चहेता यह सितारा बेनूर हो गया। खेल के 106वें मिनट में फेरान टोरेस के गोल के दम पर स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर खिताब जीता। दक्षिण अमेरिकी धुरंधर से छिनकर यूरोपीय दिग्गज ने विश्व फुटबॉल की बादशाहत पर कब्जा कर लिया। मेस्सी लगातार दूसरी बार चैंपियन नहीं बन सके। आखिरी सीटी बजने पर उनकी आंखों में नमी और चेहरे पर निराशा को सभी ने देखा। एक तरफ स्पेन के खिलाड़ी जश्न मना रहे थे तो दूसरी तरफ मेस्सी और उनकी टीम स्टेडियम के दक्षिणी छोर पर अर्जेंटीना के समर्थकों को धन्यवाद दे रही थी और शायद माफी भी मांग रही थी।

# नाथन स्मिथ ने जीता प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

## शुभमन गिल और ऑलराउंडर मोसाद्देक को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। कीवी खिलाड़ी ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसाद्देक हुसैन जैसे दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया है। 27 वर्षीय स्मिथ ने इंग्लैंड में खेली गई 3 मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 23 की औसत से सर्वाधिक 16 विकेट चटकाए थे।



### जीत में योगदान देना बहुत संतोषजनक रहा : स्मिथ

*नाथन स्मिथ ने कहा, यह वाकई बहुत खास है। टीम के लिए इंग्लैंड का दौरा शानदार रहा और यह बहुत अच्छी बात है। मैं आमतौर पर व्यक्तिगत अवॉर्ड के लिए नहीं खेलता, लेकिन यह पहचान मिलना अच्छा लगता है और इससे भी जरूरी बात यह है कि मैंने सीरीज जीतने में योगदान दिया। व्यक्तिगत रूप से, जीत में योगदान देना बहुत संतोषजनक रहा।*



### डैनी वायट-हॉज ने जीता विमेंस 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड

इंग्लैंड की ओपनर डैनी वायट-हॉज को जून के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड का विजेता चुना गया है, जिन्होंने 'आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप' में शानदार प्रदर्शन किया था। डैनी ने स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्राइस और भारत की लेफ्ट-आर्म स्पिनर श्रीचरणी को पछाड़कर यह अवॉर्ड अपने नाम किया है। इससे पहले नवंबर 2024 में भी डैनी इस खिताब को अपने नाम कर चुकी थीं।

# दलीप ट्रॉफी : गायकवाड़ संभालेंगे वेस्ट जोन की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट जोन टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शम्स मुलानी को उप-कप्तानी सौंपी गई है। यह टीम जोनल सिलेक्शन कमिटी की बैठक के बाद घोषित की गई। दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड्स पर खेला जाएगा। पिछले साल, भारत के सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने वेस्ट जोन की कमान संभाली थी। टीम सेमीफाइनल तक तो पहुंची, लेकिन इससे आगे नहीं बढ़ सकी, क्योंकि सेंट्रल जोन ने पहली पारी में बढ़त हासिल कर ली थी। अब, आगामी टूर्नामेंट के लिए कप्तानी की जिम्मा गायकवाड़ को सौंप दिया गया है।

**टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बेंगलुरु में खेला जाएगा**



### देसाई और पटेल स्पेशलिस्ट विकेटकीपर

वेस्ट जोन के खेमे में हार्विक देसाई और उर्विल पटेल के रूप में दो स्पेशलिस्ट विकेटकीपर को शामिल किया गया है। गायकवाड़ के अलावा, पृथ्वी शॉ और खान बंधु (सरफराज और मुशीर) भी टीम में हैं। स्पिन बॉलिंग की जिम्मेदारी उप-कप्तान मुलानी, ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर तनुष कोटियान और बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई को सौंपी गई है। तेज गेंदबाजी विभाग में ठाकुर के साथ-साथ तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी और ऑलराउंडर अतीत सेठ शामिल हैं।

# वनडे सीरीज : न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर रोमांचक जीत, श्रृंखला की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

मार्क चैपमैन ने 80 रन बनाए और मिचेल सैंटनर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अच्छा तालमेल बिठाया, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज पर 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड को जब तीन रन की जरूरत थी और एक विकेट हाथ में था, तभी सैंटनर को जीवनदान मिला। अंतिम बल्लेबाज जेडन लेनोक्स विकेटकीपर के हाथों कैच आउट और एलबीडब्ल्यू के लिए 'रिव्यू' से बचे। इसके बाद




न्यूजीलैंड ने 35 गेंदें शेष रहते वेस्टइंडीज के 188 (सभी आउट) के स्कोर को 9 विकेट खोकर पार कर दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर ने 45वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी रन बनाया। वह 34 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे वेस्टइंडीज की सीरीज बराबर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

## रोहित ने हमें संन्यास के बारे में कुछ नहीं बताया : शुभमन

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर को लेकर उनसे कोई बात नहीं की है, जिनके संन्यास को लेकर पिछले कुछ दिनों से अटकलों का बाजार गर्म था। गिल से पूछा गया कि क्या रोहित ने उन्हें अपने भविष्य को लेकर कुछ संकेत दिया है। गिल ने कहा, 'हमें उनसे बात करने का मौका ही नहीं मिला। उन्होंने (रोहित ने) हमें कुछ नहीं बताया। मुझे लगता है कि सारी बातें मीडिया में आ चुकी हैं। लेकिन इस बारे में कोई चर्चा



नहीं हुई है।' गिल ने कहा, 'रोहित भाई ने बड़े ही शानदार तरीके से पारी को संवारा। मैं नॉन-स्ट्राइकर छोर से उनकी बल्लेबाजी देख रहा था।

## आज से चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सिंधू के कंधों पर भारतीय चुनौती, सात्विक-चिराग बाहर

एजेंसी ▶▶| चांग्झू

स्टार शटलर पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी लेकिन पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कंधे की चोट से उबर रहे सात्विक के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी। भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर पिछले सप्ताह के शानदार प्रदर्शन की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सिंधू लगभग दो वर्ष बाद जापान ओपन का खिताब जीतकर बेहतरीन लय में चीन पहुंची हैं।



### सिंधू और उन्नति में होगा मुकाबला

सिंधू अपने अभियान की शुरुआत हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ करेंगी। दूसरे दौर में उनका सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से हो सकता है। महिला एकल में भारत की अन्य खिलाड़ी देविका सिहाग अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी का सामना पहले दौर में शीर्ष वरीय चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से होगा। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी अपने पहले मुकाबले में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से भिड़ेगी।

### जापान के युशी तनाका से भिड़ेंगे लक्ष्य

पुरुष एकल में भारत की चुनौती का जिम्मा लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और अनुभवी एचएस प्रणय संभालेंगे। लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में जापान के युशी तनाका से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से होगा, प्रणय पहले दौर में मलेशिया के लिओंग जुन हाओ से खेलेंगे। मिश्रित युगल में भारत की उम्मीदें तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी पर टिकी होंगी, जिनका पहले दौर में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फांग हुई से मुकाबला होगा।

यूथ टेस्ट

# भारतीय अंडर-19 टीम की दमदार बल्लेबाजी, ओझा का नाबाद शतक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत की अंडर-19 टीम ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में जारी दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की। शुरुआती दिन सिर्फ 65 ओवरों का खेल हुआ, जिसमें मेहमान टीम ने 3 विकेट खोकर 253 रन बनाए।

बारिश के बाद गीली आउटफील्ड के कारण इस चार दिवसीय मुकाबले के टॉस में काफी देरी हुई, जिसके बाद श्रीलंकाई कप्तान विमथ दिनसारा ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मेहमान टीम की शुरुआत बेहद



खराब रही, जिसने 6 ओवरों की समाप्ति तक लक्ष्य राजेश रायचंदानी (0) और सागर विर्क (0) के रूप में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। उस समय तक टीम का खाता भी नहीं खुल सका था। इसके बाद कुशाग्र ओझा ने कप्तान यशबर्धन चौहान के साथ तीसरे विकेट के लिए 144 गेंदों में 122 रन जोड़कर पारी को संभाला। शबर्धन चौहान 89 गेंदों में 2 छक्कों और 11 चौकों के साथ 78 रन बनाकर आउट हुए। यहां से कुशाग्र ने मनल चौहान के साथ पारी को आगे बढ़ाया। पहले दिन की समाप्ति तक इस जोड़ी के बीच 210 गेंदों में 131 रन की साझेदारी हो गई थी।विपक्षी खेमे से गिम्हान मेंडिस 42 रन देकर 2 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि सेथमिका सेनेविरत्ने ने 1 विकेट चटकाया है। श्रीलंका ने तीन मुकाबलों की अनाधिकारिक वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी, जिसके बाद अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा।




## खबर संक्षेप

### अजेंटीना में हार के बाद हुए दंगे



**ब्यूनस आयर्स।** फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में स्पेन से हार के बावजूद अर्जेंटीना के प्रशंसकों का अपनी टीम और लियोनेल मेसी के प्रति प्यार कम नहीं हुआ। हजारों समर्थक ब्यूनस आयर्स के ओबेलिस्को पहुंचे और टीम का हौसला बढ़ाया। हालांकि, इसी दौरान कुछ जगहों पर झड़प की घटनाएं भी सामने आईं, न के खिलाफ फाइनल में 1-0 की हार के बाद ब्यूनस आयर्स स्थित ओबेलिस्को के आसपास बड़ी संख्या में लोग जुटे।

### बारामुला में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के कांडी वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान के दौरान बड़ी आतंकवाद विरोधी सफलता हासिल की है। खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए तलाशी अभियान में जंगल के भीतर छिपाकर रखे गए हथियार, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार यह संयुक्त अभियान भारतीय सेना की 52 राष्ट्रीय राइफल्स, बारामुला पुलिस, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन और एसएसबी ने मिलकर चलाया।

### ब्रिक्स अभियोजन सेवा प्रमुखों की बैठक, भारत ने की मेजबानी

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हुई ब्रिक्स अभियोजन सेवा प्रमुखों की 8वीं बैठक का आयोजन कर रहा है। दो दिवसीय आभासी बैठक भारत के ब्रिक्स के व्यापक दृष्टिकोण लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण को आगे बढ़ाती है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक ब्रिक्स ब्लॉक में आर्थिक विकास को समर्थन देने वाले स्थिर, निष्पक्ष और पूर्वानुमानित ढांचे को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

# जंग की आहटः अमेरिका ने 50 और फाइटर जेट मिडिल ईस्ट भेजे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान के साथ चल रहे संघर्ष में अमेरिका ने अपनी हवाई ताकत तेजी से बढ़ा दी है। मिडिल ईस्ट में 50 से ज्यादा अतिरिक्त फाइटर जेट भेजे गए हैं। यह कदम ईरान पर हमलों को और तेज करने और क्षेत्र में तनाव बढ़ने की तैयारी का संकेत देता है। अमेरिका अब ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को और कमजोर करने के लिए बड़े पैमाने पर हवाई अभियान चला सकता है।मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार जर्मनी से एफ-16 और ब्रिटेन से एफ-35 भी भेजे जा रहे हैं। साथ में एरियल रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट भी भेजे गए, जो लंबी दूरी के हमलों के लिए जरूरी हैं। ये तैनातियां शुक्रवार को जॉर्डन में ईरानी हमले से पहले शुरू हुई थीं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने इन तैनातियों पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका क्षेत्र में अपनी हवाई श्रेष्ठता सुनिश्चित करना चाहता है।

## ईरान पर टूटेगा कहर, अमेरिका का बड़े पैमाने पर हवाई अभियान शुरू

### अमेरिका-ईरान पर सटीक हमले की तैयारी में



अमेरिका ईरान पर और सटीक हमले करने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले भी अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल साइटों, कमांड सेंटर और बंदरगाहों पर हमले किए। अब ज्यादा जेट्स से हवाई हमलों की संख्या और तीव्रता बढ़ सकती है। मिडिल ईस्ट में यह बढ़ती तैनाती पूरे क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। जॉर्डन में पहले ही अमेरिकी बेस निशाने पर आए। कतर के अल उदेद बेस और बहरीन की सुविधाएं भी प्रभावित हुईं। ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों से जवाब दिया, लेकिन अमेरिका की हवाई श्रेष्ठता उसे मुश्किल में डाल रही है।

### तेहरान में भारतीय दूतावास के निर्देश,देश छोड़ने पर करें विचार

**तेहरान।** ईरान में बढ़ते संघर्ष और अस्थिरता के बीच भारतीय दूतावास ने रविवार को वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एक नई और संशोधित एडवाइजरी जारी की है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों को फिलहाल ईरान की यात्रा टालने की सख्त सलाह दी है। इसके साथ ही, जो भारतीय पहले से ही ईरान में मौजूद हैं, देश छोड़ने पर विचार करने को कहा गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

## खार्ग आइलैंड पर अमेरिकी सैनिकों ने कब्जे की कोशिश की, तो कोई बचकर नहीं जा पाएगा: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने खार्ग आइलैंड पर कब्जे की कोशिश की तो उसके सैनिक जिंदा वापस नहीं लौट पाएंगे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की खार्ग आइलैंड पर कब्जे से जुड़े बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान में ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। खार्ग आइलैंड और उसके आसपास सामना करने के लिए पूरी तैयारी है। खार्ग आइलैंड फारस की खाड़ी में बुशहर प्रांत के तट से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित है। यह ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र है और रणनीतिक रूप से देश की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिसंपत्तियों में गिना जाता है।

**ईरान बोला- अमेरिका ने परमाणु संयंत्र को निशाना बनायाः** ईरान के एटॉमिक एनर्जी ऑर्गनाइजेशन ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने खुजेस्तान प्रांत में बन रहे डारखोविन परमाणु ऊर्जा संयंत्र की साइट पर हमला किया है।

**ईरान में बिजली संकट गहरायाः** अमेरिकी हमलों और भीषण गर्मी के बीच ईरान में बिजली संकट बढ़ गया है। तेहरान समेत कई इलाकों में रोज बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम जनजीवन और पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची मोल्दोवा, प्रेसिडेंट सैंडू से की मुलाकात

# व्यापार, निवेश, सप्लाई चेन सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक गहरा करने पर चर्चा

एजेंसी ⏭ चिशिनाउ

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में मोल्दोवा पहुंच गई हैं। उन्होंने माल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू के साथ चिसीनाउ के प्रेसिडेंशियल पैलेस में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग को और अधिक गहरा करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

वही हमने हाल के वर्षों में हुई प्रगति की समीक्षा की और उन विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की, जो हमारे लोगों के प्रगति और आर्थिक सहयोग की हमारी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हम व्यापार और निवेश को बढ़ावा देंगे, सप्लाई चेन को मजबूत करेंगे, कनेक्टिविटी में सुधार करेंगे तथा अपनी बिजनेस कम्युनिटी के बीच घनिष्ठ जुड़ाव को प्रोत्साहित करेंगे।

दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों और भविष्य के अनुकूल पर की चर्चा

राष्ट्रपति मुर्मू का गार्ड ऑफ ऑनर देकर गर्मजोशी से स्वागत किया



### दोनों नेताओं ने भारत-मोल्दोवा सहयोग की समीक्षा की

इस बैठक की जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चिसीनाउ के प्रेसिडेंशियल पैलेस में मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-मोल्दोवा सहयोग के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा की और सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। बातचीत में नए मौके पाने और आपसी संबंधों को बढ़ाने के लिए साझा प्रतिबद्धता को फिर से सुनिश्चित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू ने चिसीनाउ में प्रेसिडेंशियल पैलेस में गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत की राष्ट्रपति को औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दोनों नेताओं ने हमारी द्विपक्षीय साझेदारी के पूरे दायरे को कवर करते हुए फायदेमंद और भविष्य के अनुकूल बातचीत की।

### राष्ट्रपति मुर्मू का मोल्दोवा का पहला दौरा

राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति मैया सेंडू के निमंत्रण पर मोल्दोवा के आधिकारिक दौरे पर पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति का मोल्दोवा का पहला दौरा है। राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा पार्लियामेंट के प्रेसिडेंट इगोर ग्रोसु से मिलेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, वह मोल्दोवा-इंडिया पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप के सदस्यों से भी बातचीत करेंगी। इसके अलावा, वह एक बिजनेस फोरम और भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करेंगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत और मोल्दोवा के बीच अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। यह दौरा एक अहम और ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा और दोनों देशों के संबंधों को एक बड़ी साझेदारी तक ले जाएगा। खेती, स्वास्थ्य सुविधा और फार्मास्यूटिकल्स, आईटी और शिक्षा के क्षेत्रों में आपसी फायदे वाले सहयोग की अच्छी गुंजाइश है।

### राष्ट्रपति मुर्मू व्यापारिक मंच को करेंगी संबोधित

राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चिशिनाउ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर, मोल्दोवा गणराज्य के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मिहाई पोपसोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपनी यात्रा के पहले चरण के अंतर्गत, राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया सैंडू के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वे मोल्दोवा गणराज्य की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसू से भी मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति मोल्दोवा-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगी। एक व्यापार मंच को संबोधित करेंगी और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी।

### यूएई प्रतिनिधिमंडल ने ओम बिरला से की मुलाकात

## भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर की चर्चा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तूक अल मर्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यूएई के प्रतिनिधिमंडल का संसद भवन में स्वागत करते हुए उन्हें खुशी हुई। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात भारत और यूएई के बीच आपसी विश्वास, साझा हितों और घनिष्ठ सहयोग पर आधारित मजबूत साझेदारी को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा जन-से-जन संपर्क को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

### दोनों देशों के बीच मजबूत हवाई संपर्क

राम मोहन नायडू ने बताया कि दोनों देशों के बीच मजबूत हवाई संपर्क लंबे समय से द्विपक्षीय साझेदारी का महत्वपूर्ण आधार रहा है। बैठक में भारत के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों, विशेष रूप से मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल और विमान निर्माण के क्षेत्र पर विचार-विमर्श किया गया। भारत और यूएई के बीच लंबे समय से व्यापारिक और आर्थिक संबंध रहे हैं। और यह साझेदारी में बदल गया है।

### विमानन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हुई चर्चा

इस दौरान यूएई के मंत्री अब्दुल्ला बिन तूक अल मरी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से भी मुलाकात की। बैठक में भारत और यूएई के बीच विमानन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### जहाज में चालक दल के कुल 17 सदस्य

## यूक्रेन में व्यापारिक जहाज पर हमले में 4 भारतीयों की मौत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन के ओडेसा बन्दरगाह से निकलते वक़्त एमवी गोल्डन लियो नामक एक व्यापारिक जहाज पर हुए हमले में चार भारतीयों की दुखद मृत्यु हो गई है। जबकि एक अन्य घायल को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाज में चालक दल के कुल 17 सदस्य थे। जिनमें 5 भारतीय शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि यह मामला बीते रविवार का है। यूक्रेन में भारतीय मिशन पूरी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिसमें प्रभावित लोगों तक हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत सरकार मृतकों के परिजनों के प्रति गहन संवेदनाएं प्रकट करती हैं।

*5 भारतीयों में से 1 घायल का अस्पताल में इलाज जारी भारतीय मिशन पूरी स्थिति पर रख रहा बारीक नजर*

## 'डबल फर्स्ट बटालियन' के जवान भारत का झंडा हमेशा ऊंचा रखें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पूर्व सेना प्रमुख और जम्मू-कश्मीर राइफल्स और लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट के मानद कर्नल जनरल उपेंद्र द्विवेदी, (रिटायर्ड) ने जाने-माने 'डबल फर्स्ट बटालियन' का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरे ने भारतीय सेना की सबसे प्रतिष्ठित इन्फैंट्री रेजिमेंट्स में से एक के साथ उनके गहरे और लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते को फिर से मजबूत किया। यह दौरान सैनिकों की अगली पीढ़ी को ऑपरेशनल एक्सीलेंस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरे से पाकिस्तान को 1965 और 1971 के युद्धों में हार का सबक याद आ गया होगा। इस दौरान उन्होंने सर्वश्रेष्ठ इक्कीस के सीओ और जोरावर बटालियन के सैनिकों से बातचीत की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28